नई दिल्ली

गुरुवार, 21 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 127
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 28


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है अग्नि-5, एसएफसी ने किया यह परीक्षण**

## पाकिस्तान संग तनाव के बीच भारत ने किया अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच आत्मनिर्भरता के साथ भारत की रणनीतिक क्षमता में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। जिसकी ताजा मिसाल बुधवार को उसके द्वारा किए गए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' के सफल परीक्षण से भी देखने को मिलती है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि यह परीक्षण सामरिक बल कमांड यानी एसएफसी के तत्वाधान में ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) शेष पेज 5 पर

### राजधानी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोले भारत में रूस के उप व्यापार प्रतिनिधि एवगेनिव ग्रिवा

# अमेरिकी पाबंदियों के बीच रूस भारत को तेल तो देगा ही, उस पर 5% की छूट भी मिलेगी..!

**◆ रूस से तेल खरीद पर भारत पर बनाया जा रहा अमेरिका का दबाव अनुचित, जारी रहेगी ऊर्जा साझेदारी: बबुश्किन**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका समेत पश्चिम की पाबंदियों से बेपरवाह रूस ने डंके की चोट पर भारत के साथ अपनी कच्चे तेल की आपूर्ति को जस का तस बरकरार रखने के अलावा उसमें 5 फीसदी की छूट देने का भी ऐलान किया है। रूस वर्तमान में भारत की करीब 40 फीसदी तेल की जरूरतें पूरी कर रहा है। जो कि उसकी कुल जरूरतों का आधा भाग है। भारत के रूस से तेल आयात पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ की भी रूस ने सख्त लहजे में आलोचना करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित बताया। साथ ही विश्वास जताते हुए कहा कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा साझेदारी जारी रहेगी। यहां बुधवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि एवगेनिव ग्रिवा और रूस के दूतावास में उप-मिशन शेष पेज 5 पर



### कारोबारी रहस्य अहम

रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि ने कहा कि राजनीतिक हालात के बाद भी भारत रूस से उतना ही तेल खरीदता रहेगा। जितना वह पहले खरीदता हुआ आया है। जहां तक पांच फीसदी की छूट का सवाल है, तो यह कारोबारी रहस्य है। मुझे लगता है कि यह मामला कारोबारियों के बीच संवाद से जुड़ा हुआ है। फिर भी ये पांच फीसदी कम या अधिक हो सकता है। भारत को की जा रही तेल आपूर्ति को शेष पेज 5 पर

### प्रतिबंधों से स्वयं पीड़ित अमेरिका

रूस के उप-मिशन प्रमुख रोमन बबुश्किन ने बेहद आकर्षक अंदाज में इस संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत की और हिंदी में कहा, शुरुआत करेंगे, श्रीगणेश करेंगे। उन्होंने कहा, रूस को नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर भरोसा है। लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है। रूस पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के द्वारा उसने खुद अपने ऊपर प्रहार किया है। 50 फीसदी अमेरिका के टैरिफ की वजह से अगर भारत को अमेरिका में अपना सामान बेचने में दिक्कत हो रही है तो रूसी बाजारों में भारतीय निर्यात का स्वागत है। राष्ट्रपति पुतिन द्वारा पीएम मोदी को फोन कर यूक्रेन के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी देने से ये साफ हो जाता है कि भारत शेष पेज 5 पर

### रूस से बढ़ती तेल खरीद

यहां बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने कार्यकारी आदेश के जरिए भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। उसमें उसके द्वारा रूस से जारी तेल की खरीद पर जुर्माने के तहत 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। उधर, 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत की कम कीमतों पर रूस से तेल की खरीद जारी है। जिसे जायज ठहराते हुए नई दिल्ली ने कहा कि भारत अपने शेष पेज 5 पर

### साल के अंत में होगा पुतिन का दौरा

रूसी राजदूत ने कहा, इस साल के अंत में रूस के राष्ट्रपति का भारत दौरा हो सकता है। जिसे लेकर फिलहाल तारीखों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### मध्यप्रदेश के महू में 26 से 27 अगस्त तक होगा 'रणसंवाद-2025' का आयोजन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** मध्य-प्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 26 से 27 अगस्त तक तीनों सशस्त्र सेनाओं के एक संयुक्त सेमिनार 'रणसंवाद-2025' का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' होगा। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी सहित कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ भाग लेंगे। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा। जब तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी रक्षा मंत्री की उपस्थिति में न केवल भारत के इस महत्वपूर्ण सैन्य अभियान से सीखे हुए सबक आपस में साझा करेंगे। बल्कि इस दौरान देश के हवाई अभियान (हेलिबॉर्न ऑपरेशन) समेत तीन संयुक्त सिद्धांत भी जारी किए जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में इस आयोजन के पूर्व में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के उप प्रमुख (सिद्धांत, संगठन और प्रशिक्षण) लेफ्टिनेंट जनरल विपुल सिंघल ने दी है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल चौहान समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी करेंगे शिरकत**

**युद्ध पर रणनीतिक बहस की आवश्यकता:** उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य के युद्ध पर रणनीतिक बहस करने की जरूरत है। देश कभी विश्व गुरु था और हमें पुनः उसी स्थान को प्राप्त करने के लिए इस मामले पर चर्चा की दरकार है। रक्षा मंत्री 27 अगस्त को इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहने वाले ...

# प्रधानमंत्री समेत मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान

*शाह ने लोकसभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिनमें संविधान संशोधन विधेयक भी शामिल*

**कांग्रेस, एआईएमआईएम और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को असंवैधानिक बताया**



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिनमें संविधान संशोधन विधेयक भी शामिल है। ये विधेयक भ्रष्टाचार या गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं। संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 आज लोकसभा में पेश किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच ये शेष पेज 5 पर

कांग्रेस, एआईएमआईएम और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को असंवैधानिक और संघीय व्यवस्था विरोधी बताते हुए इनका विरोध किया। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ये विधेयक शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत और जनता के सरकार चुनने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे अनिर्वाचित नौकरशाही को विधायिका की भूमिका निभाने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संसदीय लोकतंत्र को कमजोर करता है और ये संशोधन मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को कार्यकारी एजेंसियों की दया पर छोड़ देंगे। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भी इन विधेयकों का विरोध करते हुए कहा कि इससे कार्यपालिका को विधायिका पर नियंत्रण की शक्ति मिलगी। उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है, क्योंकि ये विधेयक संसदीय लोकतंत्र को बिगाड़ने वाले हैं। उन्होंने सरकार से इन तीनों विधेयकों को वापस लेने की अपील की। आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने सवाल उठाया कि इन विधेयकों को जल्दबाजी में क्यों लाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे संविधान संशोधन विधेयक लाने की क्या आवश्यकता थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्ष की सत्ता वाले राज्यों को अस्थिर करने की एक दुर्भावनापूर्ण मंशा है। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने इन विधेयकों को संघीय व्यवस्था विरोधी बताते हुए कहा कि इनका उद्देश्य विपक्ष शासित राज्यों को निशाना बनाना है। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने भी इन विधेयकों को असंवैधानिक और मौलिक अधिकारों के विरुद्ध बताते हुए इनका विरोध किया। बाद में, सदन ने तीनों विधेयकों को आगे की जाँच के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया।

संविधान (130वाँ संशोधन) विधेयक, 2025: यह विधेयक गंभीर अपराधों (5 वर्ष या अधिक कारावास वाले) के आरोप में 30 दिनों तक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान करता है। इसका उद्देश्य संवैधानिक नैतिकता और सुशासन को सुनिश्चित करना है।

जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025: यह विधेयक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन प्रस्तावित करता है। नई धारा (5A) के तहत, गंभीर अपराधों में 30 दिनों तक हिरासत में रहने वाले मंत्री को उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर 31वें दिन तक हटाया जाएगा। यदि सलाह नहीं मिलती, तो मंत्री स्वतः पदमुक्त हो जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री के लिए सख्त प्रावधान है। विधेयक में प्रावधान है कि यदि कोई मुख्यमंत्री गंभीर अपराध के आरोप में 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे 31वें दिन तक त्यागपत्र देना होगा। ऐसा न करने पर वह अगले दिन से पद पर नहीं रहेगा। हिरासत से रिहा होने पर उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री या मंत्री को पुनर्नियुक्त किया जा सकता है, जिससे भविषमुखी नियुक्तियों का रास्ता खुला रहेगा।

केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025: यह विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों में भी समान प्रावधान लागू करने का प्रयास करता है, ताकि शेष पेज 5 पर

**सांसदों ने कागज के टुकड़े अमित शाह की ओर फेंके**

अमित शाह जब सदन में इस बिल को पेश कर रहे थे तो उस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विपक्षी नेताओं ने अमित शाह की तरफ बिल की कॉपी फाड़ कर फेंक दी। वहीं, कागज के टुकड़े अमित शाह की ओर उछाले। अमित शाह ने ये भी कहा कि सरकार इस बिल को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव रखती है। इसके बावजूद विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री का माइक मोड़ने की कोशिश भी की। सदन के अंदर माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। लोकसभा की वेल में नारेबाजी की शुरुआत टीएमसी सांसदों ने की। बिल पेश होते ही कल्याण बनर्जी ने नारेबाजी शुरू कर दी।

### वेणुगोपाल की टिप्पणी पर भड़के अमित शाह, जेल जाने से पहले मैंने दे दिया था इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे थे, लेकिन उन्होंने जेल जाने से पहले अपने पद से इस्तीफा देकर संवैधानिक सिद्धांतों का पालन किया। उनकी यह टिप्पणी संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में उनकी गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में आई। यह आदान-प्रदान अमित शाह द्वारा निचले सदन में तीन विधेयक पेश किए जाने के तुरंत बाद हुआ, जिसमें संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 भी शामिल था।

इस विधेयक में भ्रष्टाचार या गंभीर अपराध के आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को हटाने का प्रावधान है, यदि वे लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहते हैं। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 भी पेश किए। इस विधेयक में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन का प्रस्ताव है, जिससे गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ़्तारी या नज़रबंदी की स्थिति में मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का प्रावधान किया जा सके। हंगामे के बीच, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पूछा, 'क्या मैं गृह मंत्री से एक सवाल पूछ सकता हूँ? जब वे गुजरात के गृह मंत्री थे, तब उन्हें गिरफ़्तार किया गया था...।'

**झूठे आरोप लगाए गए थे**

अमित शाह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब मेरी बात सुनिए, मैं सारा रिकॉर्ड साफ़ करना चाहता हूँ। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए थे। मैंने नैतिक ज़िम्मेदारी के चलते गिरफ़्तारी से पहले ही इस्तीफ़ा दे दिया था। और जब तक अदालत ने मुझे बरी नहीं कर दिया, तब तक मैंने कोई पद नहीं संभाला। जुलाई 2010 में, गुजरात के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री अमित शाह को गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उसकी पत्नी कौसर बी और सहयोगी तुलसीराम प्रजापति के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में केंद्रीय जाँच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने फ़ोन रिकॉर्ड और अन्य सबूतों का हवाला देते हुए उन पर एक साजिश का आरोप लगाया था। शेष पेज 5 पर



### कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं

**नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तारीख**

**उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को**

*पीएम मोदी समेत कुल चार प्रस्तावक*

### सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए दाखिल किया 'नामांकन'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

इस दौरान उनके साथ पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को शेष पेज 5 पर

#### महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की

इससे पहले सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु, एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। विपक्ष की तरफ से उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

**हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**

### जन सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस हमले को मुख्यमंत्री की हत्या की सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से शेष पेज 5 पर





#### पशु प्रेमी है आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई

इस बीच आरोपी की मां भानुबेन सकारिया ने राजकोट में दावा किया कि उनका बेटा किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा है। वह आवारा कुत्तों पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ एक प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए वह दिल्ली गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके बेटे को कुत्तों से बहुत प्यार है। वह पशु प्रेमी है। वह उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली के सभी आवारा कुत्तों को शेष पेज 5 पर

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को भारत की दो टूक...**

### किसी दूसरे देश के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों की इजाजत नहीं देती भारत की सरकार: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बुधवार को साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया है कि उसकी धरती से किसी दूसरे देश के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों की भारत की सरकार द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत सरकार को देश में अवामी लीग के सदस्यों द्वारा आयोजित की गई



किसी भी बांग्लादेश विरोधी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में बांग्लादेश की सरकार द्वारा इस संबंध में मीडिया को जारी किए गया बयान अनुपयुक्त है। उन्होंने ये भी कहा कि भारत जल्द से जल्द बांग्लादेश में एक शेष पेज 5 पर

#### बांग्लादेश ने लगाए ये गलत आरोप

बताते चलें कि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान में यह दावा किया था कि प्रतिबंधित अवामी लीग ने भारत की राजधानी नई दिल्ली और कोलकाता में अपने दफ्तर खोल रखे हैं। जिसे देखते हुए भारत सरकार से यह आग्रह है कि वो इस संबंध में तत्काल कदम उठाए यानी इन्हें बंद कराया जाए और उसके साथ ही यह सुनिश्चित करें कि आपकी जमीन से बांग्लादेश के खिलाफ कोई गतिविधि न की जाए।

**कानूनी प्रावधानों पर एक गंभीर सियासी पासा फेंका**

**गेंद अब केंद्र सरकार के पाले में**

### निजी संस्थानों में लागू हो विद्यार्थियों के लिए आरक्षण संसदीय स्थायी समिति ने की अनुशंसा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश कर बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरक्षण के कानूनी प्रावधानों पर एक गंभीर सियासी पासा फेंका है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा के वरिष्ठ सांसद और शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य दिग्विजय सिंह ने आज, बुधवार को राज्यसभा में इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की। है। संसदीय पटल पर रखी गई रिपोर्ट में इस बात को जोर देकर कहा गया है कि निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षण अनिवार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15(5) का उल्लेख करते हुए इस बात खास जिक्र किया गया है कि इस संबंध में तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने 2006 में 93वें संशोधन के माध्यम से संवैधानिक प्रावधान कर मसले को जरूरी मानते हुए जोड़ा था, अब केंद्र की मोदी सरकार को इस पर कार्यवाही करनी चाहिए। संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट में इस बात का उद्धरण भी दिया गया है कि मई 2014 में, प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 15(5) की वैधता को बरकरार रखा और यह स्पष्ट किया कि निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण की अनुमति है। हालांकि, वर्तमान में संसद ने ऐसा कोई कानून पारित नहीं किया है जो अनुच्छेद 15(5) को लागू करे और निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति और जनजाति और ओबीसी समुदाय के छात्रों के लिए आरक्षण अनिवार्य बनाए। आंकडों के हवाले से स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी समुदायों के विद्यार्थियों का वर्तमान प्रतिनिधित्व बेहद कम है। समिति ने केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तीन निजी उत्कृष्ट संस्थानों के छात्र संरचना का अध्ययन किया। पाया गया है कि कुल छात्रों का महज 0.89 फीसदी छात्र अनुसूचित जाति के हैं, जब कि 0.53% छात्र जनजाति से हैं, ओबीसी छात्रों की संख्या 11.16 फीसदी दर्ज की गई। संसदीय स्थायी समिति ने इसे नाकाफी बताया है। समिति ने इसलिए सर्वसम्मति से सिफारिश की है कि संसद एक कानून पारित करे, जिसके तहत शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### खड़े कैंटर से टकराई जीप, चालक की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के सरिता विहार में मथुरा रोड पर एक एसयूवी कार ने खड़े कैंटर को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा मंगलवार आधी रात के बाद करीब पौने दो बजे हुआ। पुलिस के अनुसार हादसा जब हुआ जब एक जीप मेरिडियन (एसयूवी) मुख्य सड़क पर खड़े कैंटर ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को सड़क हादसे के बारे में दो बजकर 20 मिनट पर सूचना मिली। इसके बाद जांच अधिकारी अन्यकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस टीम को क्षतिग्रस्त एसयूवी और ट्रक मौके पर क्षतिग्रस्त हालत में मिले। जीप में सवार सतबीर सिंह नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल पाया गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सतबीर मधु विहार का रहने वाला था और पेशे से ड्राइवर था।

### ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमले के दो आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के मधुबन चौक पर एक यातायात पुलिसकर्मी पर हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना मंगलवार को सामने आई। पकड़े गये दोनों आरोपियों के नाम पीतमपुरा निवासी मोहित (28) और परवीन (34) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार मंगलवार को यातायात नियंत्रण करते समय कर्मचारियों ने बिना हेलमेट पहने और गलत दिशा से आ रहे स्कूटी सवार दो लड़कों को रोका था। लाइसेंस पूछने पर वे आक्रामक हो गए। लड़कों ने कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया, हाथापाई की और कुछ ही देर बाद उनके 3-4 और साथी भी उनके साथ शामिल हो गए। यातायात कर्मचारियों पर हमला किया गया, उनकी वर्दी फाड़ दी गई और एक कांस्टेबल का मोबाइल फोन लूट लिया गया। इस संबंध में मौर्या एंक्लेव थाने में केस दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

### स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी

नई दिल्ली। राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। इसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार दो स्कूलों मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल में बम की धमकी की सूचना क्रमशः सुबह सात बजकर 40 मिनट पर और सात बजकर 42 मिनट पर मिली। पुलिस टीम अग्निशमनकर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल पहुंचे। महज दो दिन पहले 18 अगस्त को 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जो बाद में झूठी निकली थी। नजफगढ़ और हौज रानी के स्कूलों को भी धमकी मिलने की बात सामने आई है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी दबोचा

नई दिल्ली। आनंद पर्वत पुलिस ने एक महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और उसके अंतरंग वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के आरोप में 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद सोहिल उर्फ सोनू को मंगलवार को उत्तर प्रदेश के बदायूं से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी मध्य जिला निधिन वलसन के अनुसार 26 जून को 24 वर्षीय एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सोहिल ने शादी का वादा करके उसके साथ यौन संबंध बनाए। उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने चुपके से उसके अंतरंग वीडियो रिकॉर्ड किए और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर आनंद पर्वत थाने में मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान महिला का शोषण करने और उसकी सहमति के बिना उसके अंतरंग वीडियो ऑनलाइन मंच पर साझा करने में सोहिल की भूमिका की पुष्टि हुई। अपराध से संबंधित डिजिटल साक्ष्य भी बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी हिरासत में है और यह पता लगाया जा रहा है कि क्या उसने इसी तरीके से अन्य महिलाओं को भी निशाना बनाया था।

### मैदानगढ़ी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

# मानसिक रोगी युवक ने माता पिता और भाई को उतारा मौत के घाट

- वारदात के बाद 22 वर्षीय आरोपी युवक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी थाना अंतर्गत सतबड़ी, खड़क गांव में बुधवार शाम को ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। दंपति और उनके बेटे की हत्या गला काटकर की गई है। दंपति का दूसरा बेटा वारदात के बाद से फरार है। उसका मानसिक उपचार चल रहा था। पुलिस फरार युवक को ही हत्या का आरोपी मानकर आगे की कार्रवाई व जांच कर रही है।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार सतबड़ी इलाके खड़क गांव स्थित मकान संख्या 155 में कई मौतों के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉलर ने बताया कि यहां पर एक लड़के ने चाकू से अपना हाथ काट लिया है, घर पर बहुत सारा खून बिखरा हुआ है, मदद चाहिए। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। भूतल पर खून से लथपथ दो शव पड़े थे। एक महिला का शव पहली मंजिल पर मिला। मृतकों की पहचान प्रेम सिंह (50), उनकी पत्नी रजनी (45) और बेटा रितिक (24) के रूप में हुई। एफएसएल टीम और अपराध टीम निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल को सुरक्षित रखा गया और साक्ष्य एकत्र किए गए। शवों की तस्वीरें ली गई और आगे की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। परिवार का चौथा सदस्य सिद्धार्थ (22-23 मृतक दंपत्ति का पुत्र) घर से लापता पाया गया है। स्थानीय जांच के अनुसार सिद्धार्थ का मानसिक उपचार चल रहा था। प्रथम दृष्टया यह भी सामने आया है कि उसने किसी को बताया था कि उसने अपने परिवार की हत्या कर दी है और अब वह यहां नहीं रहेगा। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में छापेमारी कर रही है। अलग अलग टीमें बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भी भेजी गई है।

## आधा दर्जन आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में आधा दर्जन आईपीएस और दानिप्स अफसरों के ट्रासफर किये गये हैं। ज्वाइंट सीपी सिक्युरिटी महेंद्र नाथ तिवारी को नई दिल्ली रेंज, ज्वाइंट सीपी ट्रांसपोर्ट रेंज विजय सिंह नॉदर्न रेंज, बाहर से आये डुमबरे मिलिंद महादेव को ज्वाइंट सीपी ट्रांसपोर्ट रेंज, ज्वाइंट सीपी विजिलेंस असलम खान को सिक्युरिटी, एडिशनल सीपी नई दिल्ली रेंज दीपक पुरोहित को पीएम सिक्युरिटी, एडिशनल सीपी नॉदर्न रेंज राजीव रंजन सिंह को सीपी का ओएसडी नियुक्त किया गया है। एडिशनल सीपी ईओडब्ल्यू गुगुलोथ अमरूथा को विजिलेंस, एडिशनल सीपी सिक्युरिटी मोहम्मद अख्तर रिजवी को पीसीआर, डीसीपी ट्रैफिक शरद भास्कर दरडे को पश्चिमी जिले की कमान सौंपी गई है। पश्चिमी जिले से डीसीपी विचित्र वीर को डीसीपी आईजीआई, बाहर से आये मोहम्मद इरशाद हैदर को डीसीपी ईओडब्ल्यू, दिल्ली पुलिस अकेडमी के डिप्टी डायरेक्टर जितेंद्र मणि को डीसीपी सुप्रीम कोर्ट सिक्युरिटी लगाया गया है। डीसीपी ईओडब्ल्यू विक्रम के पोरवाल को डीसीपी ट्रैफिक, चौथी बटालियन के डीसीपी कृष्ण कुमार को स्पेशल सेल, डीसीपी पीसीआर पंकज कुमार को क्राइम ब्रांच, डीसीपी सुप्रीम कोर्ट सिक्युरिटी से पवन कुमार को पीसीआर, ट्रैफिक से डीसीपी धीरेंद्र प्रताप सिंह को चौथी बटालियन और सुबोध कुमार गोस्वामी को भी ट्रैफिक से ईओडब्ल्यू ट्रांसफर किया गया है।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला-सारण), बिहार-841221
**ई—निविदा सूचना**
**ई—निविदा संख्या :— एससीपी—25 आरटी**
उप—मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई—निविदा आमंत्रित कि जाती है:— **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** आरडब्ल्यूपी/ बेला के मोल्ड रूम स्थित रेत कोटिंग संयंत्र के संपूर्ण रेत प्रणाली का नवीनीकरण और उन्नयन। **(2) अनुमानित लागत:** ₹ 2,29,01,537.35 **(3) बोली प्रतिभूति की राशि :** ₹ 2,64,500.00 **(4) निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 11.09.2025 को 15:00 बजे। **(5) वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है :** पूर्ण विवरण और टेंडर/बोली प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। उपरोक्त निविदा के संबंध में परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र/ रद्दीकरण सहित अद्यतन के लिए निविदाकर्ता(ओं)/ बोलीदाता(ओं) को IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in से जुड़े रहने के लिए निर्देशित किया जाता है।
**उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण/ रेल पहिया कारखाना/बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2025-26/56

## दरियागंज में इमारत ढहने से तीन मजदूरों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के दरियागंज में सद्भावना पार्क के पास बुधवार को तीन मंजिला इमारत ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जुबैर, गुलसागर और तौफीक के रूप में हुई है। तीनों एक निर्माण स्थल पर काम कर रहे थे, तभी ढांचा ढह गया और मजदूर मलबे में दब गए। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार घटना की सूचना दोपहर 12 बजकर 14 मिनट पर मिली। इसके बाद पुलिस की एक टीम, दमकल की चार गाड़ियां और बचाव दल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) सहित नगर निगम के अधिकारियों को सूचित किया गया। सभी महकमों ने मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य जारी था, तभी अचानक इमारत ढह गई। तीन लोगों को मलबे से निकाला गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि इमारत ढहने के समय घटनास्थल पर कुछ निर्माण कार्य हो रहा था। हालांकि इमारत ढहने का सही कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

### मौसम का बदला मिजाज, सुबह से ही सूरज के तेवर रहे कड़े

**नई दिल्ली।** कई दिनों के राहत के बाद बुधवार को मौसम के मिजाज बदलने से सूरज के तेवर कड़े हो गए। दिन निकलते ही सूरज के लाल होते तेवरो ने बता दिया कि परेशानी बढ़ने वाली है। जिसके चलते दिन के अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.0 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री कम है। आईएमडी ने बताया कि बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक कहीं भी बारिश दर्ज नहीं हुई। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे में कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई थी। आईएमडी ने ताजा अनुमान जताया है कि गुरुवार को आमतौर पर आसमान पर बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश व गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। आईएमडी का कहना है कि शुक्रवार व शनिवार को भी ऐसा ही मौसम रह सकता है। लेकिन रविवार को दिल्ली में बारिश की संभावना अधिक दिख रही है।

### एनएसयूआई अध्यक्ष पहुंचे डीयू, छात्रों से की वन वोट वन वोटर अभियान से जुड़ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी राजीव गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय पहुंचे। इस मौके पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशीष लांबा, डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री सहित अन्य छात्र नेता मौजूद थे। इस अवसर पर वरुण ने छात्रों से अपील करते हुए कि वह आगे आए और एनएसयूआई के वन वोट वन वोटर अभियान से जुड़कर राष्ट्रपति को वोट चोरी के विरोध में पोस्टकार्ड लिखे। वरुण ने कहा कि एनएसयूआई, एक मतदाता - एक वोट की रक्षा और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी इस लड़ाई में एक एक छात्र का सहयोग अनमोल है, संविधान बचाने के लिए युवा शक्ति की सबसे अधिक अहमियत है। उन्होंने कहा कि विवि में आने वाले नए छात्रों के लिए संगठन हर समय उपलब्ध है। डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री की अगुवाई में छात्रों के अनेक मुद्दों को हल कराया गया है, जबकि शेष की लड़ाई जारी है। किसी भी छात्र को कोई भी समस्या हो तो बेहिचक संगठन से संपर्क करें, हम उनके साथ है। वरुण ने वोट षड़यंत्र को लेकर कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए जो लड़ाई शुरू की है उसे मुकाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर ही है।

### एनएसयूआई ने जारी की आर्यभट्ट कॉलेज के पदाधिकारियों की सूची, अध्यक्ष बने तनिष्क भाटी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी की सहमति से दिल्ली एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष लांबा ने दिल्ली विश्वविद्यालय अंतर्गत आर्यभट्ट कॉलेज यूनिट के पदाधिकारियों के नामों की सूची जारी कर दी है। लांबा के अनुसार अध्यक्ष पद पर तनिष्क भाटी की नियुक्ति की गई है। जबकि उपाध्यक्ष पद पर पांच नियुक्ति हुई है। वहीं महासचिव पद पर 7 और सचिव पद पर 16 छात्रों की नियुक्ति की गई है। लांबा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संगठन करो पूरा भरोसा है कि यूनिट के पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय, एनएसयूआई आर्यभट्ट कॉलेज इकाई की नवनियुक्त टीम को बधाई। छात्रों की आवाज को मजबूत करने और लोकतंत्र के मूल्यों को आगे बढ़ाने में पूरी टीम की सफलता की कामना करता हूँ।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
CIN: L15421UP1991PLC019160
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com
**शेयरधारकों को सूचना**
**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो**
सेबी सरकुलर SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, शेयरधारको को सूचित किया जाता है कि, एक स्पेशल विंडो केवल उन फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतिकरण हेतु खुली है, जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे और जो दस्तावेजों / प्रक्रिया / अथवा अन्यथा में कमी की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया।
पुनः प्रस्तुतीकरण की यह सुविधा 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक उपलब्ध है।
शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले आरटीए अथवा कम्पनी के पास 06 जनवरी 2026 तक बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज (पी) लिमिटेड, बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली–110062 में पुनः दायर करें, फोन : 01129961281-283 ई-मेल आईडी : beetal@beetalfinancial.com अथवा कम्पनी के पास investors@sbecsugar.com
कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/–
अंकित बिष्ट
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)
दिनांक : 20.08.2025
स्थान : नई दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सुरेश कुमार, पुत्र** हरबंश, **पताः** मकान नं. 11/61 न्यू मोति नगर, दिल्ली **FIR No. 1009/2004, U/s 365/323/34 IPC पुलिस थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश कुमार, FIR No. 1009/2004, U/s 365/323/34 IPC पुलिस थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
न्यायिक दण्डाधिकारी
प्रथम श्रेणी कोर्ट नं. 102
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/10888/OD/2025
(Court Matter)

### सांसद स्वाति मालीवाल ने राज्यसभा में उठाया अवैध डेयरियों का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने बुधवार को राज्यसभा में दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में चल रही अवैध डेयरियों का मुद्दा उठाया और सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की। स्वाति मालीवाल ने कहा कि दिल्ली में सैकड़ों अवैध डेयरियां बिना किसी लाइसेंस और नियंत्रण के चल रही हैं। दूध निकालने के बाद गायों और भैंसों को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है, जहां भोजन और पानी के अभाव में वे कचरा खाने को मजबूर होती हैं और थककर सड़कों पर बैठ जाती हैं। इस कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सदन में आंकड़े रखते हुए कहा कि 2023 से 2025 के बीच दिल्ली में 2,500 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं सड़कों पर छोड़ी गई गायों से जुड़ी थीं। अवैध डेयरियों में गायों के स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण की कोई व्यवस्थित देखरेख नहीं होती, जिससे बीमारियां और संक्रमण आम हैं।

### दिल्ली 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' के लिए है तैयार पुलिस आयुक्त ने दिया सुरक्षा देने का वादा

- विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली पुलिस आयुक्त और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' के लिए दिल्ली पूरी तरह तैयार है। वहीं दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने कार्यक्रम के लिए चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए आश्वस्त किया। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कांफ्रेंस को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह, स्पेशल सीपी ट्रैफिक के. जगदीशन, स्पेशल सीपी सुरक्षा जसपाल सिंह, डीसीपी सुरक्षा मनस्वी जैन, जॉइंट सीपी (नॉर्थ एवं सेंट्रल) मधु वर्मा और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी.के. सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को आश्वस्त किया कि कार्यक्रम के लिए चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होगी।

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN: L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
Ph.: 011-42504954/4878, Fax: 28293822
Email id: sbecsystems@rediffmail.com website: www.sbecsystems.in
**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो के खुलने की शेयरधारकों को सूचना**
कम्पनी के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सरकुलर SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों को आसान बनाने के लिए एक स्पेशल विंडो 06 माह की अवधि के लिए 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक खोली गई है।
यह सुविधा उन ट्रांसफर डीड्स के लिए उपलब्ध है जो 01 अप्रैल 2019 से पहले मूल रूप से दायर किए गए थे परन्तु दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी अथवा अन्यथा की वजह से निरस्त कर दिये गये / लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया।
शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले आरटीए अथवा कम्पनी के पास 06 जनवरी 2026 तक मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली–110062 में beetal@beetalfinancial.com पर अथवा कम्पनी के पास sbecsystems@rediffmail.com पर पुनः दायर करें।
कृते एसबीईसी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
हिमानी मित्तल
(कम्पनी सचिव)
दिनांक : 20.08.2025
स्थान : नई दिल्ली
**शेयरधारकों के ध्यानार्थ :**
भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि कम्पनी के आरटीए के पास अपने शेयर डिमैटरियलाइज्ड करवाएं / अपने केवाईसी (ई-मेल पता, बैंक अकाउंट विवरण इत्यादि) अपडेट करवाएं।

**स्वास्थ्य मंत्री ने पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल में स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व**


# सभी सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की उपलब्धता पर डॉ. पंकज ने मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सभी सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की उपलब्धता और कार्यशीलता पर चिकित्सा अधीक्षकों को तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने इस बात की जानकारी मालवीय नगर में स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल में स्वच्छता अभियान के नेतृत्व करने के बाद मीडिया को दी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले सभी मरीजों की गुणवत्तापूर्ण इलाज और देखभाल करना और सबकी सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैंने वेंटिलेटर से जुड़ी समस्याओं पर खुद संज्ञान लेकर त्वरित रूप से सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए हैं। सभी चिकित्सा अधीक्षकों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि ठीक तरह से काम नहीं करने वाले सभी वेंटिलेटरों की तुरंत पहचान कर उनकी मरम्मत कराने के साथ ही जरूरी होने पर नए वेंटिलेटर की सुविधा मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली के लोक नायक अस्पताल के न्यूरो सर्जरी आईसीयू में पांच नए पोर्टेबल वेंटिलेटर लगाए गए हैं। सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर की आधारभूत संरचना को बेहद मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर ऑडिट का काम शुरू किया गया है, जिसमें वेंटिलेटरों के रख-रखाव के साथ ही प्रोक्योरमेंट की प्रक्रिया को भी शामिल किया गया है।

मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मालवीय नगर में स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल पहुंचकर अस्पताल परिसर में साफ-सफाई अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अस्पताल के शौचालयों को खुद साफ किया। सबसे पहले मंत्री डॉ. पंकज ने अस्पताल परिसर में मौजूद पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और 'क्लीन दिल्ली-ग्रीन दिल्ली' अभियान के तहत अस्पताल परिसर में एक पौधा भी लगाया। इस खास मौके पर कैबिनेट मंत्री के साथ माननीय विधायक सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। अस्पताल परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान में अस्पताल के डॉक्टर, कर्मचारियों और एमसीडी कर्मियों के साथ ही स्वयंसेवकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान सिर्फ अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने का अभियान नहीं है, बल्कि 'क्लीन दिल्ली-ग्रीन दिल्ली' विजन के साथ ही दिल्ली को कूड़ा-मुक्त राजधानी बनाने का हमारी सरकार का संकल्प है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**
मु.न. 233 दिनांक 17.08.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।
**गुमशुदा की पहचान**
नाम- रीतिका ।
पति का नाम सागर।
पता - सुभाष नगर जिला सोनीपत ।
उम्र- 20 वर्ष
कद- 52 फुट ।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, मोटी गर्दन, सामन्य शरीर हैं।
पहनावा लाल रंग का कुर्ता, पीली रंग की चुन्नी नीले रंग की जिस, लेडिज चप्पल पहने हुए।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15.08.2025 को रीतिका पत्नि सागर सुभाष नगर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चली गयी हैं। अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।
प्रबन्धक थाना कुण्डली न0 - 7419410532
अनुसंधान कर्ता सुरेन्द्र कुमार 1298/ सोनीपत मो0 न0 - 9467599855
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।
पीआरडीएच-1084/11/3769/2026/37806/88/7 दि. 20.08.2025




### हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं : सीएम

# ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमले के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बुधवार सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है। स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, परन्तु अब बेहतर महसूस कर रही हूँ। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूँ कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी। ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।




### हमले के पीछे एक राजनीतिक साजिश : सिरसा

जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मैं जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। वे दिन-रात दिल्ली की चिंता करती हैं। इसके पीछे एक राजनीतिक साजिश है।

### सीएम पूरी तरह से हैं ठीक : विजेंद्र

जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए, उनपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री पूरी तरह से ठीक है।

### सीएम पर हमला अत्यंत दुखद व अस्वीकार्य : सूद

कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने मुख्यमंत्री पर हुए हमले पर कहा कि मुख्यमंत्री पर हुआ हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय और अस्वीकार्य है। दिल्ली के हित के लिए निरंतर कार्यरत एक संवेदनशील और दृढ़ निश्चयी महिला नेतृत्व पर इस प्रकार का कायरतापूर्ण आक्रमण लोकतांत्रिक आचरण की मूल भावना के विपरीत है। यह अमर्यादित कृत्य न केवल हमारे लोकतंत्र की साख को आहत करता है, बल्कि समाज में अराजकता फैलाने का घृणित प्रयास भी है। प्रदेश की महिला मुख्यमंत्री पर हमला करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मैं और प्रदेश की समूची जनता इस कायरतापूर्ण कार्य की घोर निंदा करते हैं।

### सीएम हमला लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रहार: पंकज

कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती। मुख्यमंत्री हर दिन जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनती और समाधान करती हैं। उन पर हमला करना लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रहार है।

### सीएम हमला अत्यंत निंदनीय : प्रवेश

कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के हमले पर कहा कि मुख्यमंत्री पर हमला अत्यंत निंदनीय है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। जनसुनवाई का कार्यक्रम लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम है, जहां जनता अपने सवाल और संदेह बिना किसी डर या बाधा के मुख्यमंत्री तक पहुंचा पाती है। ऐसी पवित्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कदापि स्वीकार नहीं की जा सकती। दोषियों पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय : केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परह ए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। मुझे विश्वास है कि दिल्ली पुलिस उचित कार्रवाई करेगी। आशा है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हों।

### हमला बेहद शर्मनाक : इंद्राज

कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद शर्मनाक, निंदनीय और अस्वीकार्य है। एक संवेदनशील व दृढ़ निश्चयी महिला नेतृत्व पर इस तरह का हमला न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है बल्कि समाज में अराजकता फैलाने की घिनौनी कोशिश भी है। हम सब अपनी बहन, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, और खड़े रहेंगे।

### हमलावर आया था बहुत खराब इरादे से : कपिल

कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले पर कहा कि मुख्यमंत्री पर जो हमला हुआ है, वो नफरत से भरा हुआ है। हमलावर बहुत ही खराब इरादे के साथ आया हुआ था। मुख्यमंत्री को जमीन पर गिराकर मारने का प्रयास किया गया। ये बहुत ही वीभत्स हमला है। इस तरह का हमला दिल्ली की राजनीति में पहले कभी नहीं देखा गया। हमलावर अकेला नहीं हो सकता, इसके साथ और भी लोग शामिल हैं। दिल्ली पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। मुख्यमंत्री का मनोबल इस हमले से कम नहीं हुआ है।

### इस घटना से खुली सुरक्षा तंत्र की पोल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, हम इसकी कड़ी निंदा करते है और दोषी पर कड़ी कार्यवाही की माँग करते है। लेकिन देश की राजधानी की महिला मुख्यमंत्री पर खुलेआम हमला दिल्ली के सुरक्षा तंत्र की पोल खोलता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राजधानी में एक महिला मुख्यमंत्री खुद ही सुरक्षित नहीं तो दिल्ली की आम महिलाएँ कैसे सुरक्षित रहेंगी, यह प्रश्न खड़ा होता है। अहम सवाल है कि चाकचौबंद सुरक्षा के घेरे में जनसुनवाई करती मुख्यमंत्री पर अगर सार्वजनिक रुप से हमला होता है।

## इंद्राज ने बवाना जेजे कॉलोनी में चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को बवाना स्थित जेजे कॉलोनी में स्थानीय निवासियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। मंत्री इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को देश में एक जन आंदोलन का रूप दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आग्रह पर दिल्ली की जनता भी इस आंदोलन को नई दिशा दे रही है और अपने आस-पड़ोस को गंदगी व कूड़े से मुक्त कर रही है।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि पूर्व सरकारों में कूड़ा सिर्फ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती रहा है। लेकिन अब कूड़ा केवल अपशिष्ट नहीं, बल्कि विकास का ईंधन है। हाल ही में जनता को मिले अर्बन एक्सटेंशन रोड पर कूड़े से बनी सामग्री का प्रयोग सड़कों के निर्माण में किया गया है। दिल्ली में वेस्ट टू एनर्जी एवं अन्य नये प्लांट्स के जरिये कूड़े से बनने वाली बिजली और ईंधन, पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकार की योजनाओं से प्रदूषण कम होगा, घरों एवं वाहनों के लिए ईंधन मिलेगा, बिजली का उत्पादन होगा और सड़कें बनेंगी। विकसित दिल्ली निर्माण में यह मील का पत्थर साबित होगा। समाज कल्याण मंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि खाली प्लॉट, नालियों या सड़कों पर कूड़ा न डालें, बल्कि डस्टबिन और नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों में ही डालें।

छात्र-छात्राएं भी इस अभियान में स्वच्छता दूत बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को गंदगी फैलाने से रोकें। स्थानीय समितियां और निजी संगठन मिलकर स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि जनसहयोग से चल रहे स्वच्छता कार्य केवल एक अभियान नहीं बल्कि दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित राजधानी बनाने का संकल्प है।

### पानी के लिए दो अक्टूबर को पैदल मार्च करेगी 'आप'

नई दिल्ली। किराड़ी में पानी की किल्लत को लेकर पिछले तीन दिनों से भूखहड़ताल पर बैठे विधायक अनिल झा को समर्थन देने पहुंचे 'आप' दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और सांसद संजय सिंह ने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किराड़ी के लोगों को जल्द पानी नहीं मिला तो आगामी दो अक्टूबर को आम आदमी पार्टी किराड़ी के एक लाख लोगों के साथ पैदल मार्च करेगी और अपने हक का पानी लेकर रहेगी। किराड़ी विधानसभा में अपने हक के पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह ने कहा कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को उनके हक का पानी नहीं मिल रहा है। मैंने स्थानीय 'आप' विधायक अनिल झा के साथ दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ से मुलाकात की। अनिल झा ने लिखित रूप से एक-एक समस्या सीईओ को दी और कार्रवाई की मांग की। किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में यूपी, बिहार समेत पूर्वांचल के लाखों लोग रहते हैं, उनको पानी मिलना चाहिए। सीईओ ने पानी देने का भरोसा दिया, लेकिन अभी भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

### अशोक विहार में विश्व मच्छर दिवस पर रैली का आयोजन

नई दिल्ली। विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम के केशव पुरम ज़ोन, वार्ड संख्या 64 अशोक विहार में मंगलवार को एक भव्य रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस रैली का नेतृत्व निगम पार्षद एवं शिक्षा समिति के चेयरमैन योगेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आरडब्ल्यूए सदस्य, स्थानीय निवासी, निगम अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। रैली के दौरान नागरिकों को मच्छरों से फैलने वाली खतरनाक बीमारियों - डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया- से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। निगम पार्षद योगेश वर्मा ने कहा कि निगम का प्रयास है कि हर नागरिक को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिले। मच्छरों से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास ज़रूरी हैं।

### दिल्ली सरकार दुर्गा पूजा समितियों को देगी पूरा सहयोग : कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार दुर्गा पूजा समितियों को पूरा सहयोग देगी। यह बात बुधवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय एवं दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों एवं आयोजनों में आ रही विभिन्न बाधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है बल्कि यह दिल्ली की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी समिति को आयोजन में कोई दिक्कत न आए। दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि यह महोत्सव भव्य, सुरक्षित और बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो। उन्होंने आगे कहा कि मां दुर्गा की शक्ति हमें अन्याय और बुराई के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती है। यह पर्व हमें एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए काम करने का संदेश देता है। विधायक शिखा राय ने भी क्षेत्र में हो रहे कार्यों और समितियों की समस्याओं को विस्तार से रखा। बैठक में उपस्थित दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं पर अपने सुझाव दिए। कपिल मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित किए जाएं।

## राजीव जयंती पर देवेंद्र ने महेन्द्र यादव छात्रवृति योजना के तहत बांटी बाइक, लैपटॉप, साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत रत्न राजीव गांधी की 81 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के बैनर तले सरकारी स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधान महेन्द्र यादव छात्रवृति योजना के तहत बाइक, लैपटॉप, साइकिल, मोबाइल फ़ोन, स्मार्टवॉच, बैग, ट्रॉफी तथा प्रशिपत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर यादव के अलावा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी काजी निज़ाम्मुदीन सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएँ प्राइवेट स्कूल के छात्रों से कम नहीं हैं। बस इन्हें सही समय पर उचित गाइडेंस और जरूरी सहयोग मिल जाए। माता सुख देवी पब्लिक स्कूल नंगली पूना में आयोजित कार्यक्रम में बादली विधानसभा के 19 सरकारी स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधान महेंद्र यादव छात्रवृति योजना सपने आपके, प्रयास हमारा के तहत मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यादव ने बताया कि नेशन फर्स्ट फाउंडेशन समाजसेवी संस्था की मेरे द्वारा ही स्थापना हुई। स्थापना से लेकर आज तक पिछले 15 वर्षों से 6-12 वीं कक्षा के मेधावी छात्रों को आगामी पढ़ाई में सहायता करने और उनकी प्रतिभा का सम्मान करते हुए उन्हें लेपटॉप, टेबलेट, स्कूटी और साईकिल आदि देकर प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद काजी निज़ाम्मुदीन ने मुख्य अतिथि के रूप में यादव के सामथ मिलकर 1 टॉपर छात्रा को स्कूटी, टॉपर छात्र को बाइक तथा 3 प्रतिभाशाली छात्रों को लैपटॉप बाटें। जबकि 62 छात्रों को साइकिल, 63 छात्रों को मोबाइल फ़ोन तथा 222 स्मार्टवॉच, 492 बैग, ट्रॉफी तथा प्रशिपत्र प्रदान किए गए। जबकि छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए जरूरी धन राशि के रूप में चेक भी बांटे गए ताकि छात्रों के डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने पूरे हो सके।



### 'बेबुनियाद आरोप लगाने की इजाज़त नहीं, जांच एजेंसियों को करें शिकायत'

## स्थायी समिति बैठक में भिड़े पार्षद-उपायुक्त, निगमायुक्त ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक बुधवार को उस समय हंगामेदार हो गई जब शाहदरा साउथ ज़ोन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर सत्तापक्ष पार्षद और निगम अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। आरोप-प्रत्यारोप के बीच निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने मोर्चा संभालते हुए सत्तापक्ष के पार्षद को सख्त लहजे में फटकार लगाई। निगमायुक्त ने दो टूक कहा कि 'बिना सबूत लगाए गए आरोप बर्दाश्त नहीं होंगे। एमसीडी में अफसर काम करने आते हैं, लफंगई करने नहीं। यदि रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की शिकायत है तो संबंधित एजेंसी जैसे सीबीआई, एंटी करप्शन या विजिलेंस के पास जाकर कार्रवाई कराएं। महज़ आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। बता दें कि स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए साफ किया कि बैठक में अफसरों को ब्लैकमेल करने या उन पर बेबुनियाद आरोप लगाने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। यदि किसी के पास ठोस सबूत हैं तो एजेंसियों के सामने रखें, लेकिन अफसर पर सीधे उंगली उठाना उचित नहीं। बैठक के अंत तक निगमायुक्त की सख्त फटकार से माहौल शांत हुआ, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर निगम की स्थायी समिति के कामकाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक वार्ड समिति की बैठक की तरह चलती नजर आई। बैठक में स्थायी समिति में पहले भी सदस्य रह चुके कई पार्षदों ने सवाल उठाते हुए कहा कि यहां नीतियां बनती है लेकिन इसमें छोटे छोटे विषय उठाए जा रहे हैं जो स्थायी समिति की गरिमा के प्रतिकूल हैं। बैठक में अधिकतर पार्षदों ने अपने वार्ड की समस्याएं उठाई जबकि वे स्थायी समिति में सदस्य हैं। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी समिति की बैठक में नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, शिक्षा एवं जन-सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए गए। एमसीडी के सामुदायिक भवनों को कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए। सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव, भवन निर्माण के लिए नक्शा पास प्रक्रिया, अवैध स्पा सेंटर, कूड़ा उठाने वाली कंपनियों पर सख्ती जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्देश दिये गये।

बैठक में स्थायी समिति सदस्य व नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने स्थायी समिति की बैठक में भाजपा के सफाई अभियान और पीएम की रोहिणी में रैली को लेकर निशाना साधा। उन्होंने जनहित के मुद्दे उठाते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार ने एमसीडी की सभी ड्रेनेज की सफाई कराई थी, तो फिर पूरी दिल्ली में जलभराव क्यों हुआ? एमसीडी का स्वच्छता अभियान फोटो खिंचवाने तक सीमित है, महापौर सड़क पर फोटो खिंचवाते हैं और अभियान खत्म हो जाता है। नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के केस बढ़ रहे हैं, लेकिन एमसीडी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।




### तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप

बता दें कि बैठक के दौरान सत्तापक्ष पार्षद पंकज लूथरा ने शाहदरा साउथ जोन के उपायुक्त बादल कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जोन में भवन नक्शा पास कराने और तोड़फोड़ कार्रवाई रोकने के नाम पर जेई ने तीन लाख रुपये की रिश्वत की मांग की है और कहा कि यह पैसा उपर तक जाता है।

### पूरी तरह नियमों के तहत हो रही है कार्रवाई

पार्षद ने दावा किया कि झिलमिल स्थित एक बुजुर्ग का मकान निगम से स्वीकृत नक्शे के बावजूद कुछ कमी मिलने पर तोड़े जाने की बात कही और जब उन्होंने मामले की शिकायत उपायुक्त से करनी चाही तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। इन आरोपों पर उपायुक्त बादल कुमार भड़क उठे। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत हो रही है और संभव है कि उस इमारत में स्वयं पार्षद का भी हित जुड़ा हो। इसे लेकर दोनों के बीच हुई तीखी बहस से माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## स्कूलों में जलभराव की समस्या का तुरंत किया जाए समाधान : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछले दिनों निठारी के छह स्कूलों में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या और किराड़ी के कुछ स्कूलों में जलभराव की समस्या की गंभीरता का स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश दिए कि वह जलभराव और इससे जुड़ी अन्य अनेक समस्याओं का संबंधित विभागों के साथ तालमेल कर तुरंत समाधान करें। सूद ने बताया कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली के कुछ विद्यालयों में बरसात के मौसम के दौरान लगातार जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई स्कूलों में जमीन का स्तर आसपास के क्षेत्रों की तुलना में नीचा है, जिसके कारण बारिश का पानी तेजी से स्कूलों के अंदर और बाहर भर जाता है। इस पानी को निकालने के लिए कोई स्थायी या प्रभावी निकासी की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा किइस समस्या के चलते हर वर्ष इन विद्यालयों में कक्षाएं बाधित होती हैं और विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। इस वर्ष निठारी, किराड़ी, मोल्डबन्द और मदनपुर खादर के विद्यालयों में जलभराव की स्थिति बहुत गंभीर रही। शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि किराड़ी के विधायक अनिल झा ने उनको हाल ही में एक पत्र के माध्यम से अपनी विधानसभा किराड़ी क्षेत्र में स्कूलों की दुर्दशा के बारे में अवगत कराया है। इस संबंध में मंत्री ने कहा कि झा आम आदमी पार्टी के विधायक हैं और उनके द्वारा अपने क्षेत्र में जो स्कूलों की दुर्दशा के बारे में बताया गया है वह आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार को भलीभांति उजागर करती हैं। साथ ही विधायक ने अपनी ही सरकार की नाकामी को भी उजागर किया है। इससे स्पष्ट होता है कि पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में स्कूलों के बेहतर रखरखाव और प्रबंधन के लिए कोई ठोस काम नहीं किया था। जिस कारण से दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई थी।

**खबर संक्षेप**

## धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** आजकल साइबर ठग तकनीकी का गलत उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने के मामलें में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी अनूप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में आदर्श नगर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसको टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया तथा मर्चेंट अकांउट से टास्क पूरा करने के बारे में बताया डेल्टा एक्सचेंज नाम की ऐप का लिंक भेजा गया।

## चैन स्नैचिंग करने वाले एक अपराधी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने चैन स्नैचिंग करने वाले एक अपराधी को दो घंटे के काबू कर मामले को सुलझा लिया। 19 अगस्त को पूनम देवी निवासी जीवन नगर की शिकायत पर थाना मुजेसर में छीना झपटी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया कि 19 अगस्त को शाम के समय दो लड़के बाइक पर आए और पानी पीने के बहाने शिकायतकर्ता की चैन छीन कर भाग गए।

## बस डिवाइडर से टकराई चालक समेत 15 घायल



**गाजियाबाद।** थाना वेवसिटी क्षेत्र स्थित दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर सन सिटी गेट के सामने बुधवार की अलसुबह साढ़े चार बजे हल्द्वानी से आ रही एक निजी बस डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बस चालक, परिचालक व 15 यात्री घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गयी। दुर्घटना के समय अधिकांश सवारी सीट पर सो रही थी। अचानक झटका लगने से सवारियों के सिर सामने वाली सीटों के पाइप से टकरा गए।

### स्व.राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांसुमन अर्पित किए

# भारत में सूचना क्रांति स्व. राजीव गांधी की देन : अध्यक्ष कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती को कांग्रेसी नेताओं ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा को गंगाजल से साफ करके उस पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। इतना ही नहीं बल्कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने ही किया। श्री कौशिक ने कहा कि मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में राजीव गांधी के सहयोग को नकारा नहीं जा सकता, आज भारत देश जो उन्नति के शिखर पर पहुंचा है, उसकी नींव राजीव गांधी द्वारा ही रखी गई थी।

कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी स्व. राजीव गांधी के सपनों को साकार करने में जुटे है और उन्नत भारत निर्माण में अपना योगदान दे रहे है क्योंकि कांग्रेस पार्टी इस देश के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है और समर्पित रहेगी। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हुए देश व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने दी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि



**सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे**

इस अवसर पर रोहित नागर, राजेंद्र चपराना, योगेश ढींगड़ा, सत्यवीर डागर, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, डा. सौरभ शर्मा, रिन्कू चंदीला, रोहित सिंगला, अनिल कुमार नेताजी, ठाकुर राजाराम, गौरव ढींगड़ा, ईश्वर कौशिक, विनोद कौशिक, विधान प्रताप सिंह, सरला भामौत्रा, सुनीता फागना, शालिनी चोपड़ा, हरिओम, सुरेश बैनीवाल, देवेंद्र दीक्षित, नरेंद्र कौशिक, बेदी प्रधान, जीशान, सतीश एडवोकेट, अर्जुन, बब्बन खान, एनके शर्मा, वेदराम शर्मा, वेदप्रकाश यादव, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, संजय सोलंकी, विकास फागना, राजेंद्र चौहान, जामिल मलिक, योगेश तंवर, प्रवीण कुमार, अरुण अग्रवाल, राजेंद्र छाबड़ा, जितेंद्र चंदेलिया, ईशांत कथूरिया, बिजेंद्र मावी, युद्धवीर झा, राजा सैनी, जवाहर ठाकुर, मेहरचंद, अर्जुन सैनी, इकबाल कुरैशी, डा. पराग गौतम, जयभगवान भारद्वाज, देव वशिष्ठ, विवेक, महेंद्र, बघेल साहब, आजाद, मदन बैंसला, दुर्गा प्रसाद झा साहब सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### आज भी उल्टी झाड़ू व काले झंडों के साथ जारी रहेगा प्रदर्शन

# नपा कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**संघ 10 व 11 सितंबर को विधायकों के आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देगा**

**सभी सफाई कर्मचारी मिलकर सरकार के खिलाफ सांझा आंदोलन करेंगे**



नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर निगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की वायदा खिलाफी से नाराज हैं कर्मचारी आज 21 अगस्त को भी उल्टी झाड़ू व काले झंडों के साथ जारी रहेगा प्रदर्शन। संघ का आरोप बैठक कर मांगों का समाधान करने के वायदे को 2 महीने में भी नही कर पाए निकाय मंत्री विपुल गोयल पूरा। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत ने की व मंच का संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के सचिव महेंद्र कुड़िया ने किया। आज की प्रदर्शन को हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने भी यूनियन के पूर्व राज्य प्रधान देवी राम व पूर्व जिला प्रधान दिनेश पाली के नेतृत्व में समर्थन दिया।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, सचिव अनूप वाल्मीकि, राज्य उपप्रधान कमला, जिला सचिव अनिल चिंडालिया व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि नपा संघ ने निकाय मंत्री विपुल गोयल के फरीदाबाद स्थित आवास पर 29 जून को राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान निकाय मंत्री विपुल गोयल ने संघ को एक सप्ताह में बैठक कर मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक पूरा नही किया है। नाराज पालिका व फायर के कर्मचारी मंत्री की वायदा खिलाफी के खिलाफ आंदोलन के प्रथम चरण में आज गुरुवार को सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेगा।

शास्त्री ने बताया कि संघ 10 व 11 सितंबर को विधायकों के आवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जाएंगे। इसके बाद भी सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो 26 सितंबर को सभी उपायुक्तकार्यालयों पर प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। शास्त्री ने सरकार पर सफाई कर्मचारियों के साथ वेतन बढ़ोतरी के मामले में धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री 27000 रुपए वेतन देने की बात कह कर मुकर गए हैं।

मुख्यमंत्री के इस व्यवहार से प्रदेश के सफाई कर्मचारी नाराज हैं। शास्त्री ने 11 वर्षों में सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती न करने और सफाई के काम में ठेकेदारी प्रथा को लागू करने पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केवल पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी ऑनलाइन लगाई जा रही है इससे मालूम होता है कि सरकार पूर्ण रूप से सफाई कर्मचारी विरोधी है। शास्त्री ने कहा कि निकट भविष्य में प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारी मिलकर सरकार के खिलाफ सांझा आन्दोलन चलाएंगे।

### अर्धवार्षिक सम्मान दिवस पर आयोजन

# सम्मान दिवस पर सर्विस पार्टनर्स और ग्राउंड फोर्स नायकों को किया सलाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सम्मान दिवस पर एमार द्वारा सर्विस पार्टनर्स और ग्राउंड फोर्स नायकों को सलाम किया गया। एमार इंडिया ने अपने हरियाणा के गुरुग्राम स्थित कॉरपोरेट कार्यालय में अपने अर्धवार्षिक सम्मान दिवस का आयोजन किया। यह विशेष पहल उन सर्विस पार्टनर्स और ग्राउंड फोर्स नायकों को समर्पित है, जो परदे के पीछे रहकर कार्यस्थलों को सुचारु, सुरक्षित और स्वागत योग्य बनाए रखते हैं। यह दिन उनके समर्पण, धैर्य और टीम भावना को सम्मानित करने का प्रतीक है।

इस कार्यक्रम में सीईओ कल्याण चक्रबर्ती, सीएचआरओ एवं हेड-कम्युनिटीज़ माधुरी मेहता और वरिष्ठ प्रबंधन टीम उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राउंड फोर्स स्टाफ को सम्मानित किया गया और उनके परिवारों के योगदान को भी सराहा गया। प्रबंधन ने इन मेहनती कर्मचारियों की भूमिका को एमार इंडिया की संस्कृति और भविष्य की सफलता का आधार बताया।

इस मौके पर एमार इंडिया के सीईओ कल्याण चक्रबर्ती ने कहा कि सम्मान दिवस हमारे लिए गर्व का दिन है। यह उन हाथों को नमन करने का अवसर है जिन्होंने शुरुआत से हमारी सफलता की नींव रखी है। हमारा मानना है कि हमारे इस बड़े परिवार के हर सदस्यन की हमारे सफर में एक महत्व पूर्ण भूमिका रही है। हमारा ग्राउंड फोर्स हमारी संस्कृति और मानकों के मौन प्रहरी हैं। यह दिवस उनके प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने का एक प्रयास है, जो हमें याद दिलाता है कि हमारी उपलब्धियाँ समर्पण, टीमवर्क और आपसी विश्वास पर टिके हैं।

सम्मान दिवस की परिकल्पना सुश्री माधुरी मेहता-सीएचआरओ एवं हेड कम्युनिटीज़ द्वारा की गई थी। यह एमार इंडिया की एक प्रमुख एचआर पहल है, जिसके तहत कॉरपोरेट ऑफिस, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रोजेक्ट साइट्स पर काम करने वाली ग्राउंड फोर्स टीमों को सम्मानित किया जाता है। यह उन अनसुने नायकों को एक गौरवपूर्ण सम्मारन है, जिनकी निष्ठा ने एमार इंडिया को ग्रेट प्लेस टू वर्क बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि सम्मान दिवस पहल का उद्देश्य पर्दे के पीछे काम करने वाले उन लोगों को पहचान, आदर और प्रतिष्ठा देना है, जिनकी मेहनत और निष्ठा एमार की सफलता का आधार है।

## एटीएम कार्ड बदल 20 हजार रुपए निकालने के मामले में एक आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** एटीएम कार्ड बदल 20 हजार रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है। वंदना निवासी जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने थाना सारण में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 30 जून को जब वह कॉलोनी के एटीएम से पैसे निकालने गई थी तभी वहां दो लड़के और आ गए जिन्होंने पैसे निकालने के बाद उसको बातों में लगाया और उसका कार्ड बदल दिया। जिसके बाद उसके खाता से 20 हजार ररुपए निकल गए। जिस शिकायत पर थाना सारण में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा उंचा गांव ने कार्रवाई करते हुए गोवद्र्धन निवासी बढ़ाए पलवल को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटरसाईकिल पर वहां आया था जिसके बाद उसके साथी एटीएम के अंदर चले गये थे और वह बाहर मोटरसाईकिल पर बैठा रहा। आरोपी से वारदात में प्रयोग मोटरसाईकिल को बरामद कर लिया गया है। मामले में दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

## धोखाधड़ी करने के मामले में खाताधारक पकड़ाया

**फरीदाबाद।** निवेश के नाम पर 1240000 रुपए धोखाधड़ी करने के मामले में खाताधारक को काबू किया है। थाना एनआईटी में एनआईटी-3 फरीदाबाद निवासी ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 1 मई को इंस्टाग्राम चलाते समय एक ट्रेडिंग कंपनी की एड देखी जिसमें निवेश करके मुनाफा कमाने के बारे में बताया गया था। जिसके बाद उसने लालच में आकर उनकी वेब साइट पर अपना मोबाईल नंबर अपडेट किया और निवेश करने बारे कहा। जिसके बाद ठगों ने उसे बातों में फंसा कर उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 2328739 रुपए ऐठ लिए।

### प्रारंभिक जांच मौके पर की जा सकेगी

# गाजियाबाद पुलिस को मिली अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मोबाइल फॉरेंसिक वैन के फील्ड यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को बुधवार को नवीन मोबाइल फॉरेंसिक वैन के फील्ड यूनिट मिल गई। नवीन फॉरेंसिक वैन अत्याधुनिक किट्स से सुसज्जित है। इसके मिलने के बाद अब एक्सपर्ट्स द्वारा घटनास्थलों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के संग्रहण, पैकिंग, लेबलिंग, फॉरवर्डिंग के साथ रक्त, सीमेन ड्रग्स आदि की प्रारंभिक जॉच मौके पर की जा सकेगी। एडीसीपी पीयूष सिंह ने इस यूनिट के हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूर्ण कराया। पीयूष सिंह ने बताया कि 01 जुलाई 2024 से लागू नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम-2023 (बीएनएस एस 2023) की धारा 176 (3) के अनुसार पुलिस को 07 वर्ष या उससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ से घटनास्थल का निरीक्षण कराना अनिवार्य किया गया है ।

इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राज्य के सभी कमिश्नरेट जनपदों लिए मुख्यमंत्री ने 18 अगस्त को 75 मोबाइल फॉरेंसिक वैन का राजधानी लखनऊ से फ्लैग ऑफ किया गया। आज द पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को आवंटित नवीन मोबाइल फॉरेंसिक वैन फील्ड यूनिट



को हस्तांतरित की गई। इसके साथ अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 03 फॉरेंसिक बैन कियाशील हो गई हैं जो नगर जोन, ग्रामीण जोन व ट्रांस-हिंडन जोन को आपराधिक घटनाओं में फोरेंसिक सपोर्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वैन में क्राइम सीन प्रोटेक्शन,कॉर्डोनिंग किट, क्राइम सीन एविडेंस कलेक्शन किट, प्रिजर्वेशन एंड पैकिंग किट, क्राइम सीन परीक्षण किट की सुविधाओं से लैस है। वैन प्रर्दशों को सुरक्षित लाने जे जाने के लिए छोटे रेफ्रिजरेटर तथा साक्ष्य संकलन, रिकार्डिंग लिए लैपटॉप, वीडियो कैमरा, हार्डडिस्क आदि सुविधाओं से सुसज्जित है। फॉरेंसिक सपोर्ट की त्वरित उपलब्धता से न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और पीड़ित केंद्रित बनेगी ।

### भड़काऊ भाषण देने के मामले में

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव गिरफ्तार, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साहिबाबाद मंडी में भड़काऊ भाषण देने व मंडी सचिव व उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में थाना लिंक पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। 11 अगस्त को दो पक्षों में विवाद को लेकर मंडी में एक बैठक चल रही थी।

इस दौरान जमकर गोलियां भी चली थी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि दो अन्य को भी चोट लगी थी। पूरे घटनाक्रम का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने फायरिंग करने के आरोप में भाजपा नेता हरीश चौधरी उनके पुत्रों व अन्य युवकों को गिरफ्तार कर लिया था।



इसी दौरान बिजेंद्र यादव के भाषण का भी वीडियो भी वायरल हो गया था। जिसमें उनके भाषण में कई आपत्ति जनक टिप्पणी भी की गई थी। इस मामले में मंडी सचिव की पत्नी ने बिजेंद्र यादव समेत 150 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बिजेंद्र यादव को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी हिंडन पार निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि बिजेंद्र यादव के खिलाफ विधिक करवाई की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल स्टोर पर की रेड, अवैध रूप से बेची जा रही थी एमटीपी किट

**गुरुग्राम।** सेक्टर-53 एरिया में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक मेडिकल स्टोर पर रेड कर मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी किट बरामद की है। वहीं टीम ने मौके से सर्जिकल उपकरण भी बरामद की है। यह कार्रवाई डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह के दिशा-निर्देशन में की गई। डिप्टी सिविल सर्जन एवं एमटीपी के नोडल अधिकारी डॉ जयप्रकाश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि सेक्टर 52 स्थित खाटू श्याम रोड पर ढाणी चौक वजीराबाद में मकान नंबर 1960 में नानी सरकार नामक एक व्यक्ति अवैध रूप से मैसर्ज आभा होमियो ऑप्टिकल एवं डेंटल हाइजीन के नाम से एक स्टोर संचालित कर रहा है। जिसमें वह व्यक्ति अवैध रूप से गर्भपात किट बेचने और उपयोग करने का कार्य कर रहा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी:** E-73, गोकुलपुरी, दिल्ली ने **Case/FIR No. 5271/19 U/s 379/411 IPC थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case/FIR No. 5271/19 U/s 379/411 IPC थाना: कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. मार्गव राव
जेएमएफसी-05, कमरा नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11072/SHD/2025
(Court Matter)

# गांव तिलपत में फायर कर हत्या का प्रयास करने के मामले में मुख्य आरोपी नितिन रोहतकिया को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा डीएलएफ व एवीटीएस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे आरोपी नितिन रोहतकिया निवासी पल्ला को मुठभेड़ के बाद काबू किया है।

सहायक पुलिस आयुक्त अपराध 2 वरुण कुमार दहिया ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अपराध शाखा की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि नितिन रोहतकिया 19-20 अगस्त की रात को अवैध हथियार के साथ पल्ला क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर बसंतपुर से पल्ला रोड पर चेकिंग की गई, तभी एक मोटरसाइकिल सवार को पुलिस द्वारा रुकने का संकेत दिया परंतु उसने बाइक की गति बढ़ा दी। पुलिस द्वारा पीछा किया

**आरोपी पर 5000 रुपए का ईनाम था**



तो आरोपी ने पिस्टल से पुलिस टीम पर तीन राउड फायर किए। पुलिस ने उसको रोकने के लिए मोटरसाईकिल के टायर पर फायर किया तो नितिन रोहतकिया के दाहिने पैर पर गोली लग गई। जिसको घायल अवस्था में काबू किया। जिसके पास एक अवैध पिस्टल 32 बोर थी। जिसको इलाज के लिए बीके अस्पताल लाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिनकी स्थिति सामान्य है। घटना के संबंध में थाना पल्ला में संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि 29-30 जुलाई की रात को गांव तिलपत निवासी ओम प्रकाश को जान से मारने की नियत से नितिन व उसके साथियों ने फायर किया गया था। जिस संबंध में ओम प्रकाश निवासी गांव तिलपत फरीदाबाद की शिकायत पर थाना पल्ला में हत्या के प्रयास की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था और आरोपी नितिन रोहतकिया इस मामले में फरार चल रहा था। नितिन रोहतकिया पर पूर्व में 17 मामले दर्ज है और वह थाना पल्ला का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। आरोपी पर 5000 रुपए का ईनाम रखा गया था।

### आरोपी ने मोबाइल छीनने की घटना का खुलासा किया

# एनसीआर में सक्रिय लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस ने दिल्ली -एनसीआर में सक्रिय मोबाइल स्नैचिंग करने वाले एक बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान घायल बदमाश को पुलिस की गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, स्नैचिंग किया हुआ 01 मोबाइल फोन व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई है। डीसीपी (हिंडनपार ) निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि सुबह थाना साहिबाबाद पुलिस लूट व स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए



सिटी फॉरेस्ट से नाग द्वार चौराहे की तरफ आने वाले मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। परंतु पुलिस टीम के इशारे पर न रूकते हुए भागने लगे तथा पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया तो मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति ने पुलिस पर अपने आप को घिरता देख कुछ दूरी से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. शाहिद कुरैशी, पुत्र:** मो. अफलातून कुरैशी; **सुश्री नसीमा खातून एवं श्रीमती अमतुल निशा,** दोनों **द्वारा:** तुफैल अहमद उर्फ मो. अफलातून कुरैशी, सभी का **पता:** डी1 फ्लैट नंबर 17, मन्नत मंजिल, चौथी मंजिल, शाहीन बाग, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 279/2021 U/s 498A/406/34 IPC, थाना: शाहीन बाग, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. शाहिद कुरैशी, सुश्री नसीमा खातून** एवं **श्रीमती अमतुल निशा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. शाहिद कुरैशी, सुश्री नसीमा खातून** एवं **श्रीमती अमतुल निशा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 279/2021 U/s 498A/406/34 IPC, थाना: शाहीन बाग, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. शाहिद कुरैशी, सुश्री नसीमा खातून** एवं **श्रीमती अमतुल निशा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. नेहा सैनी
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–02
कमरा नं. 507, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10722/SE/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### सपा कार्यकर्ताओं का नगर निगम में प्रदर्शन


**गोरखपुर।** घोसीपुरवा नाले में गिरने से बच्ची की मौत के मामले में दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के



खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को ननि परिसर में प्रदर्शन किया। सपाइयों ने सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर सप्ताह भर में कार्रवाई की मांग की। यदि एक हफ्ते के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो शहर में चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### घर जाकर मतदाताओं के नाम जोड़ेंगे बीएलओ

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार



को कलक्ट्रेट भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण के कार्य के लिए बीएलओ घर-घर जाएंगे और मतदाताओं के नाम जोड़ेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

### नदियों का जीर्णोद्धार करने में जुटी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार के सहयोग से भारत सरकार ने झारखंड समेत देशभर में शहरी क्षेत्रों से गुजरने



वाली नदियों को ना केवल प्रदूषण मुक्त बनाने की योजना बनाई है बल्कि इन्हें उपयोगी बनाने के लिए वृहत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत रांची समेत पांच शहरी निकायों को प्रथम चरण में चयनित किया गया है। रांची के अलावा जो शहरी निकाय क्षेत्र का चयन किया गया है। प्रथम चरण में झारखंड के अलावा उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

## मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

# अयोध्या राम मंदिरः शेषावतार और परकोटा के 6 मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु, 15 अक्टूबर से व्यवस्था लागू

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर परिसर में सभी 6 मंदिरों के साथ सप्त मंडप, कुबेर टीला और शेषावतार मंदिर के दर्शन की व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू हो जाएगी। सोमवार से शुरू मंदिर निर्माण समिति की बैठक बुधवार को समाप्त हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बैठक में इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

पूरी उम्मीद है कि मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य इस वर्ष पूरे कर लिए जाएंगे। बताया कि ट्रस्ट की आगामी बैठक 7 से 9 सितंबर तक होगी, जिसमें एक नए ट्रस्टी के नाम को भी शामिल करने पर मुहर लग सकती हैं। महासचिव ने बताया कि, राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर की सुरक्षा के लिए 800 मीटर परिधि में कोठी का निर्माण किया गया है। जिसमें 40 फीट गहरी नींव और 20 फीट ऊंची दीवार के साथ परकोटा को कॉरिडोर के रूप में तैयार किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा कर सकेंगे।

इसके अलावा इन परकोटा में 6 देवी-देवताओं के मंदिर भी तैयार किए गए हैं, जिसमें भगवान गणेश, हनुमान, सूर्य, माता भगवती, माता अन्नपूर्णा और भगवान शिव के मंदिर शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र टेस्ट के मुताबिक, दर्शन व्यवस्था प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन सुरक्षा के जवानों को परिसर में हर कोने की तलाशी न करनी पड़े, इसके लिए ट्रस्ट सुरक्षा एजेंसी के साथ अध्ययन कर रहा है।

### वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए लगेंगी तीन लिफ्ट



राम मंदिर में आने वाले अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए लिफ्ट की व्यवस्था भी सितंबर तक पूरा कर की ली जाएगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि मंदिर में तीन लिफ्ट लगाई जानी हैं। इसमें उत्तर दिशा में दो और एक पश्चिम दिशा में होगी। अक्टूबर में इसे प्रारंभ कर दिया जाएगा। राम मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को तेज धूप में नंगे पैर चलना पड़ता है। अब श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पास परकोटा के बाहर शू सेंटर का निर्माण कराया गया है। चंपत राय ने बताया कि इसमें एक साथ लगभग 12000 से अधिक लोग जूता और चप्पल को रख सकेंगे। एक दिन में लगभग एक लाख श्रद्धालु इस सुविधा को प्राप्त कर सकेंगे।

### शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम 25 जनपदों तक सीमित रहेगा

*नवंबर में राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसको लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारी शुरू कर दी है। चंपत राय ने बताया कि आयोजन अयोध्या और आसपास के 25 जिलों के बीच ही सीमित रहेगा। इसके लिए इस आयोजन में शामिल होने वाले लोगों की सूची तैयार की जा रही है और यह कार्यक्रम भी ऐतिहासिक माना जाएगा। राम मंदिर पर लगने वाले फसाड लाइटिंग को लेकर तीन बड़ी कंपनियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेजेंटेशन दिया। मंदिर में लाइट की व्यवस्था करने वाली कंपनी को ही अगले 5 वर्ष तक ऑपरेशन और मेंटेनेंस की व्यवस्था देखनी होगी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान लगभग 2 घंटे तक कंपनियों की प्रेजेंटेशन का कार्यक्रम चला।*

## मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से की अपील

# खाद का 'अनावश्यक' भंडारण न करें प्रदेश में कहीं भी उर्वरक की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

*उत्तर प्रदेश में खाद को लेकर किसानों की समस्या पर राजनीति गरमाई है। सरकार का कहना है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। पिछले साल से ज्यादा खाद का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों से खाद का भंडारण न करने की अपील की है।*

उत्तर प्रदेश के किसान इन दिनों खाद की समस्या को लेकर जूझ रहे हैं। अधिकतर जिलों में यूरिया के लिए लंबी लाइनें देखने को मिल रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में किसान लगातार संकट के दौर से गुजर रहा है। किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल पा रही है और प्रदेश में खाद का भारी संकट है। फिलहाल इस मुद्दे पर राजनीति गरमाई हुई है।

इसी बीच यूपी सरकार ने अपना बयान जारी कर साफ कर दिया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की दिक्कत या कमी नहीं है। सरकार की ओर से बताया गया कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। सरकार ने खाद के अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की है। कृषि विभाग ने सभी 18 मंडलों में खाद की उपलब्धता व बिक्री की जानकारी दी। खरीफ सत्र 2024 में इस अवधि (18 अगस्त) तक 36.76 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हुई थी, वहीं इस वर्ष अब तक 42.64 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री की जा चुकी है।





### पिछले वर्ष से अधिक हुआ खाद वितरण

प्रदेश में पिछले साल की अपेक्षा में इस साल अभी तक अधिक खाद वितरण किया जा चुका है। पिछले साल 27.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया वितरण हुआ था, इस साल अभी तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। इसी तरह डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा था। इस साल ये बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हुई है। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटेशियम मिश्रण) का वितरण विगत वर्ष 2.07 लाख मीट्रिक टन रहा था। इस साल 2.39 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) 0.25 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष इस साल 0.46 लाख मीट्रिक टन वितरित हुआ है। यही नहीं, एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फेट) का वितरण 2024 में 1.91 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष किसानों को 2.79 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है।

### अधिकारी निरीक्षण करते रहें

सीएम योगी ने किसानों से अपील की है कि खाद का भंडारण न करें। जितनी आवश्यकता है, उतना खाद लें। जब जरूरत पड़े, तब खाद लें। उन्होंने बताया कि हर जिले में शिकायत प्रकोष्ठ है। किसी भी परेशानी की स्थिति में अवगत कराए। सीएम योगी ने उर्वरक की ओवररेटिंग, कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने जिले में तैनात अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है।

### खाद की उपलब्धता

*सरकार ने बताया कि 18 अगस्त तक प्रदेश में यूरिया की 37.70 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता रही। इसमें से 31.62 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों द्वारा की जा चुकी है। इसी तरह डीएपी की 9.25 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता रही, जिसमें से 5.38 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों ने कर ली है। ऐसे ही एनपीके की 5.40 लाख मीट्रिक टन उपलब्धता रही। इसमें से 2.39 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों ने कर ली। खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्य फसल धान में टॉप-ड्रेसिंग के लिए प्रतिदिन औसतन 49564 मीट्रिक टन यूरिया की खपत और बिक्री हो रही है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 16.04 प्रतिशत (मात्रा 4.37 लाख मीट्रिक टन) अधिक यूरिया उर्वरक की बिक्री हुई है।*

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन बोले-

# राहुल जनता को भड़का रहे, नीतीश के नेतृत्व में 200 से अधिक सीटें जीतेंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

मुंगेर पहुंचे भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने बुधवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बिहार में फ्लॉप बताया। त्रिमूर्ति कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि, 'यात्रा में सिर्फ टिकट के इच्छुक नेता शामिल हैं। शाहनवाज ने कहा कि, 'राहुल गांधी बिहार की जनता को भड़का रहे हैं। विपक्ष के नेता होने के बावजूद वे न तो सत्ता में रहना जानते हैं और न ही विपक्ष की भूमिका निभाना।

उन्होंने बिहार में एनडीए की मजबूत स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी का कोई तोड़ नहीं है। नीतीश के नेतृत्व में एनडीए 200 से अधिक सीटें जीतेगी। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए शाहनवाज ने बताया कि, 'बिहार को 13 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए 3 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पटना एयरपोर्ट का विकास पूरा हो चुका है। दरभंगा एयरपोर्ट चालू है। पूर्णिया एयरपोर्ट तैयार है और बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा की, 'बिहार में पुनौराधाम में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, राज्य सरकार बिहार वासियों को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है, एनडीए सरकार ने बुजुर्ग विधवा दिव्यांग को सम्मान दिया पेंशन राशि 400 से सीधा 1100 रुपया कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'नीतीश कुमार का काम बिहार में बोलता है, नया नया पार्टी पार्टी आता है खूब गाल बजाता है, गाल बजाने से काम नहीं चलेगा जमीन पर दिख रहा है ।

## पेज एक का शेष....

### पाकिस्तान संग तनाव...

से 20 अगस्त 2025 को किया गया। जिसमें मिसाइल ने परीक्षण से जुड़े हुए सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आईसीबीएम मिसाइल है अग्नि-5: गौरतलब है कि ओडिशा से जिस मिसाइल का परीक्षण किया गया है। वह अग्नि-5 का ही एक संस्करण है। जिसे भारत की अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल (आईसीबीएम) के रूप में भी जाना जाता है और उसकी मारक क्षमता लगभग 7 हजार किलोमीटर तक की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अग्नि मिसाइल को स्वदेशी रूप से विकसित किया है। भविष्य में इसमें और अधिक सुधार देखने को मिल सकते हैं जैसे मिसाइल की मारक क्षमता या रेंज में बढ़ोतरी संभव है।

### अमेरिकी पाबंदियों के ....

प्रमुख रोमन बबुश्किन ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि यह पूरा घटनाक्रम एक ऐसे वक्त में सामने आया है। जब अमेरिका यूक्रेन में युद्ध समाप्ति को लेकर रूस से चल रही बातचीत के बीच भारत पर टैरिफ की सीमा को 50 फीसदी से और अधिक बढ़ाने की चेतावनी दे रहा है। भारत, अमेरिका के उक्त निर्णय को पहले ही अनुचित और अविवेकपूर्ण बता चुका है। वहीं, दूसरी ओर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर भी रूस के दौरे पर हैं।

### कारोबारी रहस्य ....

लेकर रूस के पास एक विशेष तंत्र है। जिसके तहत हम उसके साथ तमाम समस्याओं जैसे शिपिंग और इंश्योरेंस जुड़े हुए मुद्दों पर बैठकर बातचीत के जरिए हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत की तेल रिफाइनरियां सालाना लगभग 250 मिलियन टन कच्चे तेल का आयात करती हैं। जिसमें रूस की भागीदारी संभवतः आधी यानी 40 फीसदी है।

### प्रतिबंधों से स्वयं ....

रूस के लिए काफी मायने रखता है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई उथल-पुथल के बीच एक स्थिर शक्ति के रूप में ब्रिक्स की भूमिका में इजाफा होगा। बबुश्किन के मुताबिक, भारत का रूस से तेल आयात स्थिर बना हुआ है। अगर पश्चिमी देश आपकी आलोचना कर रहे हैं तो मान लीजिए कि आप सब कुछ सही कर रहे हैं। रूसी राजनयिक ने कहा कि किसी भी तरह की व्यापार सुरक्षा नीति अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विवाद, अस्थिरता को बढ़ाती है। साथ ही डब्ल्यूटीओ के सबसे पसंदीदा देश के सिद्धांतों का भी उल्लंघन करती है।

### रूस से बढ़ती....

राष्ट्रीय हितों और वैश्विक बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से ऊर्जा की खरीद कर रहा है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष-2019-20 में भारत का रूस से तेल आयात जहां लगभग 1.7 फीसदी पर था। 2024-25 में यह बढ़कर 35.1 फीसदी पर जा पहुंचा है। वर्तमान में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर है।

### प्रधानमंत्री समेत...

विधेयक पेश किए। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर उनके द्वारा पेश किए जेल जाने वाले नेता को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या केन्द्र और राज्य सरकार में मंत्री जैसे अहम पदों से हटाने वाले बिल का विरोध करने पर कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को दोहरे चरित्र का बताया। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी ने अपने आप को कानून के दायरे में आने से बचाने के लिए संविधान में संशोधन लाया था और कांग्रेस उसी संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहती है। जहां कांग्रेस की कार्यसंस्कृति और नीति प्रधानमंत्री को कानून से ऊपर रखने की रही है, वहीं भाजपा की नीति अपने प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को कानून के दायरे में लाने की है।
शाह ने कहा कि मोदी सरकार की राजनीति में नैतिक मानकों को बहाल करने की प्रतिबद्धता और जनता में इस समस्या को लेकर गुस्से को देखते हुए, आज मैंने लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से ऐसे संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश किए हैं जिनसे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी व्यक्ति जेल में रहते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या केंद्र और राज्य सरकार में मंत्री जैसे अहम संवैधानिक पदों पर कार्य नहीं कर सकेगा। इन विधेयकों का उद्देश्य गिरते नैतिक मानकों को सुधारना और राजनीति में शुचिता बनाए रखना है। इन तीनों बिल से जो कानून अस्तित्व में आएगा, वह यह है किः 1. कोई भी व्यक्ति अगर गिरफ्तार होकर जेल में है, तो वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या केंद्र/राज्य सरकार में मंत्री नहीं रह सकेगा। 2. जब संविधान बना था, तब उसके निर्माताओं ने यह कल्पना भी नहीं की होगी कि भविष्य में कुछ नेता गिरफ्तारी के बाद भी नैतिक आधार पर इस्तीफा देने से इनकार करेंगे। हाल के वर्षों में देश ने देखा है कि कैसे कुछ मुख्यमंत्री या मंत्री जेल से ही सरकार चलाते रहे हैं। 3. विधेयक में यह भी प्रावधान है कि अगर कोई नेता गिरफ्तार होता है, तो उसे 30 दिनों के भीतर जमानत लेने का समय दिया जायेगा। यदि 30 दिन में जमानत नहीं मिली, तो 31वें दिन प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री को उसे पद से हटाना होगा, अन्यथा वह स्वतः ही अयोग्य हो जाएगा। हालांकि, अगर बाद में विधिक प्रक्रिया से जमानत मिल जाती है तो उसे फिर से पद पर बहाल किया जा सकता है। अब सवाल देश की जनता के सामने है कि क्या किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के लिए जेल से सरकार चलाना उचित है?
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि एक तरफ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने खुद को कानून के दायरे में लाने के लिए संवैधानिक संशोधन प्रस्तुत किया है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में पूरा विपक्ष इसका विरोध कर रहा है ताकि वे कानून के दायरे में न आएं, जेल से सरकार चलाते रहें और सत्ता से चिपके रहें। राष्ट्र यह भी याद रखता है कि इसी सदन में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने 39वें संवैधानिक संशोधन के जरिए प्रधानमंत्री को विशेषाधिकार दे दिया था, जिससे उन पर कोई कानूनी कार्यवाही न हो सके। जहां कांग्रेस की कार्यसंस्कृति और नीति प्रधानमंत्री को कानून से ऊपर रखने की रही है, वहीं भाजपा की नीति अपने प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को कानून के दायरे में लाने की है। शाह ने कहा कि आज सदन में कांग्रेस के एक नेता ने मेरे खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए कहा कि जब कांग्रेस ने मुझे पूरी तरह झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार किया था, तब मैंने इस्तीफा नहीं दिया। मैं कांग्रेस को याद दिलाना चाहता हूँ कि मैंने गिरफ्तारी से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। मैंने तब तक कोई संवैधानिक पद नहीं संभाला, जब तक अदालत ने मुझे पूर्णतः बरी नहीं कर दिया। अदालत ने साफ कहा था कि मेरे खिलाफ दर्ज यह झूठा मुकदमा राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित था। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा और एनडीए हमेशा नैतिक मूल्यों के पक्षधर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जी ने तो केवल आरोप लगने पर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। दूसरी ओर कांग्रेस आज भी इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई अनैतिक परंपरा को आगे बढ़ा रही है। लालू प्रसाद यादव को कानून से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अध्यादेश का विरोध स्वयं राहुल गांधी ने किया था और आज वही राहुल गांधी लालू यादव को पटना के गांधी मैदान में गले लगा रहे हैं। जनता उनके दोहरे व्यवहार को भलीभांति समझती है। यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि इस विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाएगा। इसके बावजूद कांग्रेस के नेतृत्व में पूरा इंडिया गठबंधन बेशर्मी से एकजुट होकर भ्रष्टाचारियों को ढाल देने के लिए इसका विरोध कर रहा है। आज विपक्ष देश की जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुका है।

### कांग्रेस, एआईएमआईएम....

सुशासन और जनता का विश्वास बना रहे। इन विधेयकों का लक्ष्य गंभीर अपराधों में लिप्त नेताओं के खिलाफ जवाबदेही सुनिश्चित करना और जनता का संवैधानिक विश्वास बनाए रखना है।

### झूठे आरोप लगाए ........

गिरफ़्तारी से पहले शाह ने अपने मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। उसी साल बाद में जमानत मिलने से पहले उन्हें साबरमती जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। दिसंबर 2014 में, एक विशेष सीबीआई अदालत ने सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया।

### सीपी राधाकृष्णन ने...

नामांकन पत्रों के 4 सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं।

### जन सुनवाई के ...

लेकर आईबी तक आरोपी शख्स से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में उत्तरी जिले की सिविल लाइंस पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार राजकोट, गुजरात निवासी 41 वर्षीय आरोपी सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई को हिरासत में लिया गया है और उससे खुफिया ब्यूरो (आईबी) और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि हमला सुबह करीब आठ बजकर 15 मिनट पर हुआ। इसमें सीएम के हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह एक गंभीर हमला था और जानलेवा भी हो सकता था। पकड़े गये शख्स पर पांच आपराधिक मामले दर्ज पाये गये हैं, जिनमें चाकू से हमले के दो और आबकारी अधिनियम के तीन मामले शामिल हैं। आरोपी के पास से कोई हथियार नहीं मिला है। उसके पास एक बैग था, जिसमें कपड़े और कुछ कागज थे। सूत्रों ने बताया कि खिमजीभाई दो दिन पहले दिल्ली आया था और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में रुका था। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की चिकित्सकों ने जांच की और वह फिलहाल निगरानी में हैं। बाद में उनकी एमएलसी (मेडिको लीगल केस) जांच की गई। दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा ने मुख्यमंत्री पर हमले को एक 'सुनियोजित साजिश' का हिस्सा बताया है। उन्होंने बताया कि सीएम के शालीमार बाग स्थित घर के आसपास के सीसीटीवी फुटेज से साफ पता चलता है कि हमलावर ने हमले की तैयारी कम से कम 24 घंटे पहले से शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज में बुधवार को आरोपी मुख्यमंत्री आवास की ओर जाते हुए दिख रहा है। वीडियो में आरोपी परिसर की रेकी करता, मुख्यमंत्री आवास के दृश्य रिकॉर्ड करता और बाद में हमला करने की कोशिश करता हुआ दिख रहा है। **पुलिस आयुक्त ने किया घटनास्थल का दौराः** मुख्यमंत्री पर हमले की घटना सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने जन सुनवाई कार्यालय का दौरा किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच रिपोर्ट एमएचए को सौंपी जाएगी। इसके बाद गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री गुप्ता की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सकता है। मुख्यमंत्री को दिल्ली पुलिस की 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। यह गृह मंत्रालय की 'येलो बुक' में उल्लिखित सुरक्षा दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जिसमें विशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) और अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का विवरण दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी के मोबाइल फोन से 'जन सुनवाई' के दो वीडियो बरामद किए गए हैं।

### पशु प्रेमी है ....

पकड़ने के आदेश के बाद से परेशान था। उन्होंने बताया कि वह कुछ दिन पहले हरिद्वार गया था और उसने उन्हें फोन पर बताया था कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली जाएगा। भानुबेन ने बताया जब हमने पूछा कि वह कब लौटेगा, तो उसने फोन पर इससे ज्यादा कुछ नहीं बताया।

### किसी दूसरे देश...

स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने की अपनी अपेक्षाओं को दोहराता है। जो कि पड़ोसी देश की आम जनता की इच्छा और अधिकार से जुड़ा हुआ है।

### निजी संस्थानों में ....

अनुसूचित समुदायों के लिए 15 फीसदी आरक्षण, जनजाति समुदायों के लिए 7.5 फीसदी आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी समुदायों के लिए 27 फीसदी, तय प्रावधानों के हिसाब से आरक्षण लागू किया जाए। जयराम रमेश ने कहा कि अब निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी समुदायों की आरक्षण की वैध मांग को नजरअंदाज करना संभव नहीं है।


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. के बीच नई (द्वि–साप्ताहिक) अमृत भारत रेल सेवा सं. 13697 / 13698 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अमृत भारत सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 13697/13698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं.: 13697 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 13698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | गया जं. | 08:55 | --- |
| 17:08 | 17:10 | अनुग्रह नारायण रोड | 07:43 | 07:45 |
| 17:24 | 17:26 | डेहरी ऑनसोन | 07:25 | 07:27 |
| 17:44 | 17:46 | सासाराम | 07:07 | 07:09 |
| 18:16 | 18:18 | भभुआ रोड | 06:30 | 06:32 |
| 19:45 | 19:55 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 05:45 | 05:55 |
| 22:55 | 23:00 | सूबेदारगंज | 01:10 | 01:15 |
| 01:35 | 01:40 | गोविंदपुरी | 19:55 | 20:00 |
| 05:55 | 06:00 | टूंडला जं. | 16:50 | 16:55 |
| 11:05 | 11:07 | गाजियाबाद जं. | 14:40 | 14:42 |
| 12:00 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन :** 13697 गया जं. से प्रत्येक रविवार व बृहस्पतिवार को दिनांक 28.08.2025 से अगले आदेश तक एवं 13698 दिल्ली जं. से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 29.08.2025 से अगले आदेश तक।
**स्थान :** शयनयान एवं सामान्य।

**नोटः इस रेल सेवा की उद्घाटन यात्रा (एक तरफा फेरा) का शुभारम्भ दिनांक 22.08.2025 को विशेष गाड़ी संख्या 03621 के रूप में गया जं. स्टेशन से प्रातः 10:50 बजे होगी।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
**CIN: L74899DL1994PLC057410**
**पंजी. कार्यालय** : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
**T.:** +91-11-4652200/300; **F.:** +91-1146522333
**Website:** www.inteccapital.com, **Email ID:** complianceofficer@inteccapital.com

**31वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एमसीए सामान्य सरकुलर नं. 14 और 17/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 13 अप्रैल 2020 क्रमशः और एमसीए सामान्य परिपत्र सं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के साथ पठित कम्पनी मामलों का मंत्रालय (''एमसीए'') द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 (''एमसीए सरकुलर्स'') के अनुसरण के साथ पठित भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ('सेबी') (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('एक्ट') और उनके तहत बनाये गये नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि 31वीं एजीएम आयोजित करने की सूचना ('एजीएम सूचना') में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिये इंटेक कैपिटल लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों की इकतीसवीं (31वीं) वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/ अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 को अप. 12:00 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

**एजीएम सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का इलैक्ट्रोनिक प्रसार** : सरकुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से यथासमय उन इक्विटी शेयरधारकों को भेजी जाएगी जो 22 अगस्त 2025 के अनुसार शेयरधारण करते हैं और जिनके ई-मेल पते रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट पर www.inteccapital.com और स्टाक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे। एजीएम की सूचना वीसी और ई-वोटिंग सुविधा (अर्थात दुरस्थ वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग) हेतु कम्पनी द्वारा नियुक्त की गई एजेंसी के नाते सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('सीडीएसएल') की वेबसाइट पर https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

**ई-वोटिंग** :-सदस्यों को एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम से पूर्व) और ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम के दौरान) के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान करने के लिए सुविधा प्रदान की जाएगी। दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सुविधा (एजीएम के दौरान) हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम सूचना में प्रदान की जाएगी। एजीएम में ई-वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम में उपस्थित उन सदस्यों और जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, को वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी। सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर चुके हैं, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भी उपस्थित हो सकते / भाग ले सकते हैं परन्तु एजीएम में मतदान करने के लिए पात्र नहीं होंगे। भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य अथवा सदस्य जिनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं है, एजीएम में ई-वोटिंग और उपस्थिति हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करते हुये, ई-मेल आईडी के पंजीकरण हेतु एजीएम सूचना में दी गई विस्तृत प्रक्रिया देख सकते हैं।

सदस्य जो अपने ई-मेल आईडीएस और बैंक अकाउंट मेंडेट पंजीकरण / अपडेट करवाने के इच्छुक हैं, नीचे दिये गये निर्देशों का पालन कर सकते हैं :-

- डिमेट रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्यों से उनके सम्बन्धित डीपी के पास सम्पर्क करने और डीपी द्वारा परामर्श दी गई प्रक्रिया का पालन करने का आग्रह किया जाता है।
- भौतिक रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्य निर्धारित प्रपत्र आईएसआर-1 और कम्पनी के आरटीए के पास अन्य सम्बन्धित प्रपत्रों में विवरण, लिंक मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. beetalrta@gmail.com पर रजिस्टर/अपडेट करवा सकते हैं, सदस्य https://www.inteccapital.com/investors/ investor-information/ investor-request-forms/ forms पर कम्पनी की वेबसाइट से निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/–
दिनांक : 20.08.2025 (निहारिका गुप्ता)
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

# ओथेलो सिंड्रोम जब बेवजह साथी पर होने लगे संदेह

जब कोई पुरुष या स्त्री बिना किसी ठोस कारण या प्रमाण के अपने साथी पर विश्वासघात करने का संदेह करने लगे तो ऐसा ओथेलो सिंड्रोम नामक मनोरोग के कारण हो सकता है। इसकी होने की कई वजहें हैं। लेकिन इसके लक्षण सामने आने पर ट्रीटमेंट करवाने में देर नहीं करनी चाहिए। इस रोग के बारे में विस्तार से जानिए।



मेंटल हेल्थ
डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोचिकित्सक
तुलसी हेल्थकेयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम



ओथेलो सिंड्रोम एक ऐसा मनोविकार है, जिसके कारण व्यक्ति भ्रमित होकर इस गलत धारणा का शिकार हो जाता है कि उसका जीवनसाथी या साथी बेवफा है, भले ही उस बेवफाई का कोई सुबूत मौजूद न हो। इससे ग्रस्त होकर कई बार व्यक्ति असामान्य या आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दे सकता है। इस मनोरोग को ओथेलो सिंड्रोम का नाम अंग्रेजी भाषा के महान साहित्यकार शेक्सपियर के एक नाटक के पात्र ओथेलो के नाम पर रखा गया है, जो ईर्ष्या से ग्रस्त था। ओथेलो सिंड्रोम के बारे में यहां जानकारी देने का उद्देश्य लोगों को इस मनोरोग के प्रति जागरूक करना है। इसकी आड़ में किसी भी तरह के अपराध को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान :** ओथेलो सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में अपने साथी के प्रति ईर्ष्या और संदेह का भाव बहुत प्रबल होता है। सबूतों के अभाव के बावजूद यह भ्रामक यकीन कि उसका साथी विश्वासघाती है, अत्यधिक ईर्ष्या और संदेह को जन्म देता है। एक-दूसरे के विवाहेतर संबंधों के संदर्भ में किसी प्रमाण के बगैर शक करना। मरीज अपने साथी की बेवफाई की जांच-पड़ताल करने या उसे रोकने के लिए आक्रामक या जुनूनी व्यवहार कर सकता है। मरीज अपने साथी के प्रति आक्रामक हो सकता है और वह हत्या या आत्महत्या भी कर सकता है। व्यक्ति अपने साथी या खुद को नुकसान पहुंचा सकता है। छोटी सी बात पर भयंकर क्रोध करना और अपने साथी पर बिल्कुल भरोसा न करना। ऐसा व्यक्ति सामाजिक मेल-मिलाप से दूर हो सकता है। इस सिंड्रोम से ग्रस्त मरीज अपने साथी पर अत्यधिक निगरानी करने लगता है और उस पर धोखा देने का आरोप लगाने लगता है। साथी की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखना, उसके फोन कॉल और सोशल मीडिया की जांच करना जैसे कार्यों को अंजाम दे सकते हैं।



**संभव हैं अनेक कारण:** ओथेलो सिंड्रोम रोग होने के कई कारण हो सकते हैं। इलाज से पूर्व इसके कारणों के बारे में जानना जरूरी होता है।

**अन्य मनोरोग:** ओथेलो सिंड्रोम अन्य मनोरोगों जैसे सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर डिसऑर्डर या एंग्जाइटी आदि के कारण हो सकता है। ओथेलो सिंड्रोम न्यूरोलॉजिकल स्थितियों जैसे मनोभ्रंश या डिमेंशिया और मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के कारण भी हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर के दुष्प्रभाव के कारण व्यक्ति की सोच एब्नॉर्मल हो सकती है।

**मस्तिष्क में असामान्यता:** मस्तिष्क के किसी भाग में संरचनात्मक खराबी या एब्नॉर्मेलिटी के कारण भी ओथेलो सिंड्रोम की समस्या हो सकती है।

**मादक पदार्थों का इस्तेमाल:** शराब और अन्य मादक पदार्थों की लत एक अरसे बाद इस सिंड्रोम के खतरे को बढ़ा सकती है।

**मस्तिष्क की चोटें या अन्य कारण:** मस्तिष्क पर लगी गहरी चोटें या कुछ मस्तिष्क रसायनों यानी न्यूरोकेमिकल्स) में असंतुलन की स्थितियां भी ओथेलो सिंड्रोम का कारण ट्रिगर कर सकती हैं।

**न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज:** अल्जाइमर या पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियां, ओथेलो सिंड्रोम की समस्या को ट्रिगर कर सकती हैं।

**ऐसे करते हैं ट्रीटमेंट:** मनोचिकित्सक ओथेलो सिंड्रोम के मरीज की स्थिति और उसके लक्षणों के आधार पर इस मनोरोग का इलाज करते हैं। इस समस्या का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। हां, समुचित उपचार से इस रोग को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है। जैसे-

**मनोचिकित्सा:** संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी संक्षेप में-सीबीटी) या अन्य प्रकार की मनोचिकित्सा व्यक्ति को ईर्ष्या से संबंधित विचारों, उसके असामान्य विचारों और व्यवहारों से निपटने में मदद करती है।

**दवाएं:** एंटीसाइकोटिक्स आदि दवाएं लक्षणों को कम करने में सहायक हैं। ऐसी दवाएं न्यूरो केमिकल्स को संतुलित करने में मदद करती हैं।

**नशा मुक्ति उपचार:** यदि नशीले पदार्थ के दुरुपयोग के कारण यह सिंड्रोम ट्रिगर होता है, तब इन लतों का उपचार आवश्यक है।

**अन्य मानसिक समस्याओं का उपचार:** यदि रोगी को ओथेलो सिंड्रोम के साथ-साथ अन्य मानसिक स्वास्थ्य विकार भी हैं, तो उनका भी इलाज किया जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

जब पैरों में मौजूद नसों से ब्लड फ्लो सही तरीके से हार्ट तक नहीं हो पाता है उसे क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी कहते हैं। इससे नसों में सूजन आ जाती है, जो बहुत पेनफुल होता है। इससे बचने के लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में किन बातों का ध्यान रखें, यहां बता रहे हैं।

# बहुत पेनफुल डिजीज है क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों पैरों की नसों से जुड़ी गंभीर बीमारी क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी (सीवीआई) से ग्रसित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका असर पेशेंट के रूटीन वर्क पर भी पड़ता है।

**क्या है यह बीमारी:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पैरों की नसें सही तरीके से खून को वापस हार्ट तक नहीं पहुंचा पाती हैं। असल में ब्लड हार्ट से पंप होने के बाद वेंस के माध्यम पूरे शरीर में सर्कुलेट होता है। हमारे शरीर में वेंस के दो चैनल होते हैं- डीप और सुपरफिशियल। डीप वेंस हमारे शरीर की मसल्स के अंदर गहराई में होती हैं, जो ब्लड का फ्लो हार्ट से पैरो तक बनाने में मदद करती हैं। दूसरी सुपरफिशियल वेंस स्किन के नीचे होती हैं, जो दूषित ब्लड को पैरों से हार्ट तक वापस ले जाती हैं। ताकि वहां ब्लड फिल्टर होकर साफ हो जाए और साफ ब्लड शरीर के अन्य अंगों तक जा सके। सामान्य रूप से नसों में छोटे-छोटे वाल्व होते हैं, जो खून को हार्ट की तरफ फ्लो में मदद करते हैं। लेकिन कभी-कभी कई कारणों से ब्लड वेंस के वॉल्व खराब या कमजोर पड़ जाते हैं। इससे वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरह से नहीं हो पाता है। यानी ब्लड हार्ट की तरफ नहीं जाता है और धीरे-धीरे पैरों के अंदर इकट्ठा होने लगता है। जिसकी वजह से नसों में दबाव बढ़ जाता है। पैरों में सूजन और दर्द रहता है। कई मामलों में नसों में ब्लीडिंग भी हो सकती है, जो घाव या अल्सर का रूप ले लेती है। व्यक्ति को चलने या रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है।

**क्या हैं कारण:** पैरों की नसों में होने वाली वेरिकोस वेंस समस्या, क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी का बड़ा कारण है। ये वेंस स्किन के नीचे नीले रंग के गुच्छे के रूप में दिखाई देती हैं। नजरअंदाज करने पर ये धीरे-धीरे मोटी होती जाती हैं और हार्ट तक ब्लड ले जाने वाली वेंस पर दबाव डालती हैं। दबाव पड़ने से वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इस स्थिति के लिए कई और कारण भी जिम्मेदार हो सकते हैं-



- 60 साल की उम्र के बाद ब्लड वेसल्स में कमजोरी आना।
- फैमिली हिस्ट्री या आनुवांशिक रक्त विकार होना।
- गर्भावस्था में बच्चे के विकास के कारण पेट की नसों में प्रेशर रहने से पैरों से दिल की तरफ वापस रक्त प्रवाह में बाधा आना।
- आरामपरस्त जीवनशैली की वजह से मोटापे का शिकार होना। मोटापे से पैरों की नसों पर दवाब पड़ना।
- ऐसे प्रोफेशंस, जिसमें लंबे समय तक खड़े रहने का काम होता है। जैसे पुलिस, टीचर या बस कंडक्टर्स, आर्मी पर्सनल्स जैसे प्रोफेशन के लोग जिन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पडता है। देर तक खड़े होकर काम करने से वेंस की वॉल्व पर प्रेशर पड़ना।
- काम के वक्त देर तक बैठे रहना या लंबी यात्रा पर कार या एयरोप्लेन से जाते हुए देर तक एक पोजिशन में बैठे रहना।
- दुर्घटना या ट्रामा होने पर पैरों की नसों में चोट लगना।
- किसी बीमारी या सर्जरी की वजह से मरीज का लंबे समय तक बेड रेस्ट पर होना।
- धूम्रपान करने से ब्लड वेंस की वॉल्व का कमजोर होना।

**रोग के प्रमुख लक्षण:** इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-

- पैरों में नीले रंग की पतली-पतली नसों का गुच्छा या छोटे-छोटे घाव दिखना।
- पैर की पिंडलियों में वेरिकोस वेंस होना यानी नसों का फूलना या सूजन आना। सूजन सुबह न होना, दिन के साथ-साथ यानी शाम तक बढ़ जाना।
- पैर और पिंडलियों की मसल्स में असहनीय दर्द होना। ज्यादा खड़े होने या चलने में मुश्किल आना, जबकि लेटने या सोने पर तकलीफ न होना।
- पैर का रंग बदलना यानी लाल या नीला होना।
- पैर में बहुत खुजली होना।
- पैरों की त्वचा अधिक गर्म होना।

**कैसे होता है डायगनोज:** कलर वेंस डॉप्लर अल्ट्रासाउंड किया जाता है, जो पैरों की वेंस और इनके वॉल्व की जांच करता है। इससे वेंस में ब्लड सर्कुलेशन की स्थिति का भी पता चल जाता है।

**न करें इग्नोर:** वैसे तो क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी बीमारी जानलेवा नहीं है, लेकिन काफी दर्दनाक होती है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। ब्लड थ्रंबोसिस ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार दुनिया की तकरीबन 10 प्रतिशत आबादी वेरीकोस वेंस की समस्या का सामना कर रही है। भारत में हर चौथी महिला और हर सातवें पुरुष को वेरीकोस वेंस की समस्या है। आमतौर पर यह बीमारी उम्रदराज लोगों को ज्यादा होती है, लेकिन आधुनिक आरामपरस्त जीवनशैली और स्टेंडिंग जॉब करने वाले युवाओं में भी देखने को मिलती है। समय पर उपचार न करवाने पर कई बार पैरों की नसों में सूजन आ जाती है और छोटी-छोटी नसें घाव का रूप ले लेती हैं।

**कैसे किया जाता है उपचार:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी का कोई डायरेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। नसों की वॉल्व में खराबी आने, वेरिकोस वेंस होने या ब्लड फ्लो सुचारू न होने पर मिनिमल इंवेसिव तकनीक यानी छोटी-सी लेजर सर्जरी की जाती है। प्रभावित जगह पर बाहर से पिन होल करके लेजर ग्लू आरएफए द्वारा नस बंद कर दी जाती है या निकाल दी जाती है।

मरीज को पैरों में कंप्रेशन स्टॉकिंस पहनने के लिए दी जाती हैं। खून पतला करने के लिए ब्लड थिनर मेडिसिन दी जाती हैं या इंजेक्शन लगाए जाते हैं। जो ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद करते हैं। पेनकिलर मेडिसिन भी दी जाती हैं।

**ऐसे करें बचाव:** सीवीआई की समस्या को लाइफस्टाइल में बदलाव करके कंट्रोल किया जा सकता है।

- स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाएं।
- एक जगह ज्यादा देर तक बैठे या खड़े न रहें। बीच-बीच में पैर ऊपर करके बैठें। हर एक घंटे बाद अपनी सीट से उठकर 5-10 मिनट टहलें। व्यायाम या छोटे-मोटे काम करें।
- यथासंभव लेट जाएं और लेटते वक्त पैरों के नीचे तकिया रखें, पैरों को हिलाते रहें या एक्सरसाइज करें।
- रेगुलर एक्सरसाइज करें। मोटापा नियंत्रित करें।
- खान-पान का ध्यान रखें। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। प्रिजर्वेटिव, डीप फ्राइड, जंक फूड, अधिक चीनी-नमक वाली चीजों से परहेज करें। रोजाना तीन लीटर तक पानी या लिक्विड डाइट लें ताकि शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रहे।
- सोने-जागने का शेड्यूल ठीक रखें।
- धूम्रपान, एल्कोहल या किसी तरह के नशीले पदार्थ के सेवन से परहेज करें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**







डाइट सजेशन / बुशरा फातमा

# मिलेट्स को बनाएं डेली डाइट का हिस्सा

अपना देश जिस तेजी से डायबिटीज कैपिटल बनने की कगार पर है वह चिंता का विषय है। हमारे खान-पान की गलत आदतें, इस तरह पश्चिमी देशों से प्रभावित होती दिखाई दे रही हैं कि यहां मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियां लगभग हर दूसरे घर में मिलनी शुरू हो गई हैं। बढ़ते हार्ट अटैक ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हेल्थ को लेकर लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। खान-पान की आदतें हमें समय रहते बदलनी जरूरी है। ऐसे में मिलेट्स को आज के दौर में खान-पान का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। मिलेट्स बहुत सी खूबियों से भरा है, जिससे ये हमें बहुत सी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है।



**पाचनतंत्र को मजबूत बनता है:** मिलेट्स जैसे रागी, ज्वार, बाजरा आदि में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जिससे डाइजेशन अच्छा होता है। साथ ही ग्लूटेन फ्री होने की वजह से इसे पचाना आसान है।

**हृदय को रखे स्वस्थ:** मिलेट्स में मौजूद मैगनीशियम और पोटेशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए मिलेट्स से बनी कोई भी डिश दिन भर में एक समय की डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए। ज्वार या बाजरे की रोटी, चावल या गेहूं की रोटी की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डायबिटीज को कंट्रोल करता है:** जिनका शुगर लेवल बॉर्डर पर हो या जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मिलेट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। चूंकि इसका ग्लायसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में बहुत मदद करता है। ऐसे में ब्रेकफास्ट में रागी, इडली, डोसा या मिलेट्स फ्लेक्स से बना उपमा एक अच्छा ऑप्शन है।

**ब्रेन फूड है मिलेट्स:** चूंकि आजकल बच्चों के खान-पान में जंक फूड ने इस तरह जगह बना ली है कि उन्हें सही न्यूट्रिशन नहीं मिल पाता। अच्छे दिमागी विकास के लिए बच्चों के डाइट में मिलेट्स का होना बहुत जरूरी है। इनमें आयरन और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करते हैं।

**बरतें सावधानी:** मिलेट्स खाने के फायदे तो बहुत हैं लेकिन इसे खाने में थोड़ी सावधानी भी बरतनी चाहिए। चूंकि इसमें फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है इसलिए जिन लोगों को डाइजेस्टिव ब्लॉटिंग जैसी समस्या है, उन्हें मिलेट्स को पकाने से पहले पानी में सोक यानी भिगोने के बाद इस्तेमाल करना चाहिए। * **(होम्योपैथ डॉ. अश्वनी कानेटकर से बातचीत पर आधारित)**



## डॉ. यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के शासी निकाय की 15वीं वार्षिक बैठक का आयोजन

# जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्थाएं नशामुक्ति को दें प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्थाएं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ग्राम-वार्ड स्तर तक गतिविधियां संचालित करें और प्रभावित व्यक्तियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

जन अभियान परिषद राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का भी जमीनी स्तर पर अध्ययन कर फीडबैक और सुझाव दें, इससे योजनाओं को अधिक समाज अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। परिषद से जुड़ी संस्थाओं का कार्य थर्ड पार्टी आंकलन के समान हो। डॉ. यादव ने ये निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के शासी निकाय की 15वीं वार्षिक सामान्य बैठक में दिए।

### शासकीय योजनाओं को समाज अधिक अनुकूल बनाने में सहयोग करे



## स्वदेशी के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वदेशी को प्रोत्साहित करने के लिए लघु, कुटीर उद्योग तथा स्व-सहायता समूहों से मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जनअभियान परिषद से जुड़ी संस्थाएं इस दिशा में सहभागिता को प्रोत्साहित करने हुए गतिविधियां संचालित करें। बैठक में सर्पदंश से सुरक्षा और सर्परक्षा के लिए थाना स्तर पर संचालित की जाने वाली जागरूकता, प्रशिक्षण और अध्ययन गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि परिषद, स्वैच्छिकता और स्वावलंबन के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, नागरिक एवं सामाजिक अनुशासन पर केंद्रित गतिविधियां, सीएम सोशल इंटर्नशिप, युवा जन अभियान और पंख गतिविधियां संचालित करने जा रही है।

### 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान को प्रोत्साहन

▶▶ बैठक में बताया गया कि 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत परिषद के प्रशिक्षित नेटवर्क द्वारा गांव और वार्डों की महिलाओं को मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' घर-घर विराजित और विसर्जित होंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। बैठक में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, परिषद की शासी निकाय के सदस्य एवं अपर मुख्य सचिव नीरज मण्डलोई, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला तथा परिषद् के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ उपस्थित थे।

## वर्ष 2024-25 में प्रदेश ने किया 66 हजार 218 करोड़ रुपए का निर्यात, पूंजीगत व्यय में वृद्धि की दर्ज

### प्रधानमंत्री को भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और किसान सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

# डेढ़ माह में 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की पूर्ण संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में पूंजीगत व्यय में वृद्धि वाले प्रथम तीन राज्यों में मप्र ने अपना स्थान बनाया है। कैग के आंकड़ों के अनुसार देश के 16 राज्यों ने पिछले वर्ष की तुलना में पूंजीगत व्यय में वृद्धि दर्ज की है। गुजरात 65%, उत्तर प्रदेश 42% और मध्यप्रदेश की उपलब्धि 41% है। साल दर साल वृद्धि के साथ मध्यप्रदेश का यह सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की इस उपलब्धि के लिए मंत्रि-परिषद के सभी साथियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर उन्हें प्रदेश में जारी विकास कार्यों से अवगत कराया तथा उन्हें आगामी दिनों में भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और विशाल किसान सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दोनों कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश ने निर्यात में अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे अधिक 66 हजार 218 करोड़ रुपए का निर्यात किया है।

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया



#### स्वदेशी को प्रोत्साहन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संदर्भ में देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृढ़ता हम सबके लिये प्रेरणा स्त्रोत है। प्रदेश के रायसेन जिले के उमरिया गांव में पिछले दिनों बीईएमएल आधुनिक रेल कोच कारखाने का शिलान्यास प्रदेश के लिए एक बड़ी सौगात है। स्वदेशी अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह धार जिले में पीएम मित्रा पार्क*

### स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में हुए नवाचार को सराहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर किए गए नवाचार के संबंध में मंत्री साथियों से फीडबैक प्राप्त किया। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सभी जिलों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। साथ ही सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में संबंधित जिले में पिछले डेढ-पौने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति से जिले वालों को अवगत कराया। सभी जिलों की विकास गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति पर सभी जिलों में पुस्तकें प्रकाशित की जाएं और उनका विधिवत उत्सव आयोजन कर विमोचन किया जाए।

#### 13.92 लाख मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यूरिया का कुल भंडारण 15.60 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें से 13.92 लाख मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया गया है और 1.68 लाख मीट्रिक टन यूरिया शेष है। प्रदेश में मक्का का क्षेत्रफल लगभग 5 लाख हेक्टेयर बढ़ जाने के कारण यूरिया की मांग बढ़ी है। आगामी डेढ़ माह में 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की संभावना है।

#### अलग-अलग थीम पर निकली श्रीमहाकाल की सवारियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भगवान श्री महाकाल की सवारियों में नवाचार करते हुए प्रत्येक सवारी एक अलग थीम पर निकाली गई। पहली सवारी जहां वैदिक उद्घोष के साथ निकली वहीं बाद की सवारियां लोक, संस्कृति, पर्यटन आदि पर केन्द्रित रही। सवारियों में प्रदेश के जनजातीय अंचलों के कलाकारों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। राजसी सवारी के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।

**सिविल सेवा नियम 25 का**

### अब दत्तक संतान ग्रहण करने के लिए शासकीय सेवकों को 15 दिवस के पितृत्व अवकाश

मप्र कैबिनेट ने मप्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 का अनुमोदन किया है। इस अनुसार प्रचलित नियम मप्र सिविल सेवा नियम 1977 के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन की आवश्यकता के दृष्टिगत नवीन अवकाश नियम मप्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 तैयार किया गया है। नवीन अवकाश नियम के नवीन प्रावधानों में महिला शासकीय सेवक सेरोगेट, कमीशनिंग मां को भी प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी। अवकाश विभागों के शैक्षणिक संवर्ग को एक वर्ष में 10 दिवस के अर्जित अवकाश की पात्रता होगी। दत्तक संतान ग्रहण करने के लिए शासकीय सेवकों को कुल 15 दिवस के पितृत्व अवकाश की पात्रता होगी। अर्धवेतन अवकाश को अवकाश खाता में अग्रिम रूप से जमा किया जाएगा। यह अवकाश एक जनवरी को 10 दिवस एवं 1 जुलाई को पुनः 10 दिवस के मान से अवकाश लेखे में अंकित किया जाएगा।

**दिव्यांगों के लिए अवकाश स्वीकृत कराना हुआ आसान:** *दिव्यांग अथवा गंभीर अस्वस्थ शासकीय सेवक के अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सुलभ बनाया गया है, अब परिवार के सदस्य भी आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। अवकाश स्वीकृत करने के अधिकारों का प्रत्यायोजन के संबंध में नियमों में भी प्रावधान किए गए गए है। नियम के प्रकाशन एवं अन्य अनुवर्ती कार्यवाही के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है। मप्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 के प्रभावशील होने से राज्य के कोष पर अतिरिक्त व्यय भार नगण्य होगा। मुरैना जिले में कैलारस कारखाना को एमएसएमई को देने का निर्णय कैबिनेट ने मुरैना जिले में मुरैना मंडल सहकारी शक्कर कारखाना कैलारस के परिसमापन की कार्रवाई पूर्ण किए जाने एवं कारखाने की समस्त भूमियों 22.340 हेक्टेयर को शासन में वेष्ठित किए जाने का निर्णय लिया गया है।*

### वाहन में सवार थे कुल पांच लोग

## तेज रफ्तार थार पेड़ से टकराई, दो लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीती रात तेज़ रफ्तार जानलेवा साबित हुई। तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर काले रंग की महिंद्रा थार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के समय कार में पांच लोग सवार थे। टक्कर में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीन युवकों को भी हल्की चोटें लगी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थार काफी तेज़ रफ्तार से



दौड़ रही थी और अचानक नियंत्रण बिगड़ते ही सीधे पेड़ से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और कार की रफ्तार व हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### घायल को अस्पताल में किया भर्ती, इलाके में दहशत का माहौल

## जंगली भालू ने बुजुर्ग चरवाहे पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जंगल क्षेत्रों में अक्सर जंगली जानवरों और इंसानों के बीच अक्सर आमना सामना होता रहता है। जिसके चलते कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं कई लोग घायल में हुए हैं।

ऐसा ही एक मामला धमतरी जिले से सामने आया है, जहां एक भालू का आतंक देखने को मिला है। यहां भालू ने जंगल गए एक चरवाहा के ऊपर हमला कर दिया। जिसके चलते चरवाहा घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों में दहशत



का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पोड़ागांव निवासी हरक राम मरकाम आज मंगलवार को सुबह 10 बजे के आसपास अपने मवेशी को चराने के लिए जंगल की ओर गए थे। तभी एक भालू ने उसके ऊपर अचानक से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए सबसे पहले सिविल अस्पताल नगरी लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए धमतरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर घायल का इलाज जारी है।

### निगम में 31 अनुकंपा और 23 को सीधी भर्ती के मिलेंगे नियुक्ति-पत्र

**भोपाल।** नगर निगम में 31 बेरोजगार युवाओं को अनुकंपा नियुक्ति मिलने जा रही है। इसके लिए निगम ने मृतक कर्मचारियों के आश्रितों की फाइल तैयार कर ली है। दो दिन बाद 21 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों यह नियुक्ति पत्र मिलेंगे। वहीं सीधी भर्ती के 23 कर्मचारियों को भी सीएम नियुक्ति पत्र देंगे। इनमें से 31 पद फोर्थ क्लास के हैं। जबकि सीधी भर्ती वाले 23 को थ्री क्लास में पदस्थ किए जाएंगे। दरअसल 21 अगस्त को मुख्यमंत्री 54 लोगों को नियुक्ति पत्र देंगे। इन्हें कर्मचारी चयन मण्डल से सिलेक्ट किया गया है

### हरियाणा के फॉर्मूले को छग में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाए गए

### राज्यपाल रमन डेका ने विधायकों को दिलाई शपथ, पहली बार बने

## छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल विस्तार, तीन विधायक बने मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का विस्तार बुधवार को राजभवन में हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में तीन विधायकों दुर्ग संभाग से गजेंद्र यादव, रायपुर संभाग से खुशवंत साहेब, सरगुजा संभाग से राजेश अग्रवाल ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल रमन डेका ने इन विधायकों को शपथ दिलाई।

#### सीएम के विदेश दौरे से पहले हुआ मंत्रिमंडल विस्तार

खास बात ये है कि ये तीनों नेता पहली बार विधायक बने हैं और पहली विधायकी में ही मंत्री बन गए हैं। हाल ही में सीएम साय ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि इंतजार करिए, जल्द ही विस्तार होगा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार उनके विदेश दौरे से पहले भी हो भी सकता है। सीएम साय 22 अगस्त से पहले विदेश दौरे पर जा रहे हैं।



#### कैबिनेट में सीएम साय समेत 14 मंत्री

- *विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री*
- *अरुण साव, उप मुख्यमंत्री*
- *विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री*
- *ओपी चौधरी, वित्त मंत्री*
- *मंत्री केदार कश्यप, वन मंत्री*
- *दयाल दास बघेल, खाद्य मंत्री*
- *टंकराम वर्मा, खेल मंत्री*
- *लखन लाल देवांगन, उद्योग मंत्री*
- *श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री*
- *रामविचार नेताम, आदिम जाति कल्याण मंत्री*
- *लक्ष्मी राजवाड़े, महिला बाल विकास मंत्री*
- *गजेंद्र यादव (नये मंत्री)*
- *राजेश अग्रवाल (नये मंत्री)*
- *खुशवंत साहेब (नये मंत्री)*


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
**टेंडर नोटिस सं. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं** दिनांक : 20.08.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त वियरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से | 328 नग | 22.09.2025 |

**निविदा शर्तें–1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**2535/25** ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**
**सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/28-2025-26/W-3** **दिनांक: 20.08.2025**
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के खंड में पुल संख्या–4 लाइन संख्या 13, 24, एलपीओ, एलपीओ–2 के स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब के साथ प्रतिस्थापित करना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 3,18,23,786.30/- (रुपये तीन करोड़ अट्ठारह लाख तेईस हजार सात सौ छियासी और तीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹3,09,100.00/- (रुपये तीन लाख नौ हजार सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00, |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 12.09.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
**2537/25**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव कुमार अग्रवाल पुत्र** गोविंद अग्रवाल **निवासी** सी–4/5 गणेश नगर पांडव नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 9/2019, U/S 186/353/332/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव कुमार अग्रवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव कुमार अग्रवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 9/2019, U/S 186/353/332/34 IPC, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गौरव कुमार अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**DP/10975/ED/2025** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08, पूर्व जिला,
**(Court Matter)** कमरा नं0–16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय** उर्फ **अमर** उर्फ **अप्पे** पुत्र शिव कुमार निवासी डी-310, जे.जे. कॉलोनी, शिव विहार, उत्तम नगर, दिल्ली ने ई-एफआईआर संख्या 007675/18 धारा 411/34 भा.दं.स. थाना रानी बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय** उर्फ **अमर** उर्फ **अप्पे** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** उर्फ **अमर** उर्फ **अप्पे** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई-एफआईआर संख्या 007675/18 धारा 411/34 भा.दं.स. थाना रानी बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अजय** उर्फ **अमर** उर्फ **अप्पे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.09.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार:श्री दीपक वत्स,**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी,**
**उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 101, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**
**DP/10797/OD/2025**

**उत्तर रेलवे**

**No.NR-DLICOMM(PUB)/47/2025 Dated: 20 August 2025**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर उल्लिखित अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS (http://ireps.gov.in/) से ई–नीलामी के माध्यम से आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) के लिए बोलियां आमंत्रित करता है।–

**ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.): ADVT-AUG-01-2025**

**ई–नीलामी की तिथि एवं समय: दिनांक 01.09.2025 को 11:00 बजे**

**रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट:** अग्रणी आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाताओं अर्थात सार्वजनिक और निजी अस्पताल/नर्सिंग होम/पॉलीक्लिनिक/क्लीनिक/निजी चिकित्सक/कंपनियां/फर्म/संस्थान/स्वास्थ्य सेवा में शामिल एन.जी.ओ द्वारा चौबीसों घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ई.एम.आर) रेलवे को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के आधार पर दिल्ली मंडल के नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट साइड), दिल्ली जंक्शन, अन्नाद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, पानीपत और रोहतक रेलवे स्टेशनों पर ई–नीलामी आयोजित करने के संबध में।

**वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है**
**https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** 1. इच्छुक बोलीदाताओ को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित कने में सक्षम होगी. 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान. 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता. 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण. 5. फण्ड का लियन मार्किंग. 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation). 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055, Email: srdcm.ndls@gmail.com Tel: 011-23743084

**2532/2025** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करना ही चाहिए

ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करना जरूरी है। यह तेजी से बढ़ता बाजार है। भारत में करीब 45 करोड़ से अधिक लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। वर्ष 2024 में भारतीय गेमिंग बाजार का आकार 31,938 करोड़ रुपये था। इसमें रीयल मनी गेमिंग की हिस्सेदारी लगभग 85.7% है। रियल मनी गेम्स में प्लेयर्स असली पैसे लगाकर गेम खेलते हैं और जीतने पर उन्हें प्राइज मिलता है, हारने पर पैसा डूबता है। प्रति वर्ष ऑनलाइन गेम खेलने वाले करीब 20 हजार करोड़ रुपये गंवा देते हैं। अभी नियामक ढांचा नहीं होने से ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री बेलगाम है। सबसे ज्यादा जरूरी गेमिंग के उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को विनियमित (रेगुलेट) करना जरूरी है। इसी मंशा के साथ सरकार एक कानून लेकर आ रही है। इसके लिए उसने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया है, जिसे सदन ने पारित कर दिया है। यूं तो अभी यह विधेयक राज्यसभा में जाएगा, फिर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी, तब कानून बनेगा, लेकिन यह कदम ही महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेमिंग इंडस्ट्री के असर को समझने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया था, टास्क फोर्स ने वर्ष 2022 में अपनी सिफरिशें सरकार को सौंपी थीं, जिसमें एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद से कानून के प्रारूप पर कार्य जारी था, जो अब एक विधेयक के रूप में सामने आया है। इसमें ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और शैक्षणिक व सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान है। दरअसल, 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई आत्महत्याएं भी हुई हैं। कर्नाटक की एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये मनी लांड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण का भी खतरा बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग को एक 'डिसऑर्डर' घोषित किया है। 'ई-स्पोर्ट्स' और 'ऑनलाइन सोशल गेमिंग' को बढ़ावा देना चाहती है, इनके लिए एक प्राधिकरण बनाए जाएंगे। विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों के प्रावधान हैं। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग प्रति वर्ष 25,000 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स का योगदान देता है। करीब 25 हजार करोड़ का एफडीआई इस उद्योग में आता है। प्रतिबंध के बाद सरकार को 20 हजार करोड़ का सालाना टैक्स घाटा हो सकता है। देश में 1100 से ज्यादा गेमिंग कंपनियां हैं, जिसमें 400 से ज्यादा स्टार्टअप हैं। ऐसे में गेमिंग उद्योग का विनियमन होना ही चाहिए।



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

# चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। उसके विदेश मंत्री, व्यापार मंत्री तथा भारत में स्थित राजदूत द्वारा भारत पर अमेरिकी शुल्क अत्याचार का प्रत्यक्ष विरोध किया गया। ऐसी परिस्थितियों में संभावना के अनुरूप भारत ने आधिकारिक घोषणा कर दी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे।

इस घोषणा से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अमेरिकी शुल्क के विरोध में रूस व चीन के साथ मिलकर शुल्क प्रतिरोधी तंत्र बनाने के उद्देश्य से इन दोनों देशों की आपात यात्रा कर चुके हैं। उधर रूस-यूक्रेन के मध्य तीन वर्षों से चले आ रहे युद्ध को समाप्त करने की योजना से पश्चिमी अमेरिकी क्षेत्र अलास्का में पुतिन के साथ ट्रंप की भेंट में भी रूसी राष्ट्रपति की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को संकेतों में समझा दिया गया है कि भारत के विरुद्ध उनका व्यापारिक दृष्टिकोण आवश्यकता से अधिक कठोर है। इसी विषय क्रम में 19 अगस्त को नई दिल्ली में अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ दोनों देशों की सीमाओं के प्रकरण पर गठित विशेष प्रतिनिधियों के समूह की 24वें चरण की बैठक में सीमा विवाद के साथ-साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को पुनः सामान्य स्तर तक क्रियान्वित करने के परिप्रेक्ष्य में विचार-विमर्श किया। बैठक में डोभाल ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा विवाद की समाप्ति के बाद दोनों देशों के मध्य सीमाओं पर शांति व स्थिरता बनी हुई है। उनके अनुसार विगत नौ माह में हमारे पारस्परिक संबंधों में भी सुधार हुआ है, द्विपक्षीय संबंध अधिक दृढ़ हुए हैं और अक्टूबर 2024 में कजान में मोदी व शी जिनपिंग की भेंट से परस्पर संबंध अप्रत्याशित ढंग से स्वस्थ हुए हैं, जिस कारण विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर सहयोग व सहायता की संधियों की दिशादृष्टि परिलक्षित हुई है।

इस आलोक में चीन ने भारत को दुर्लभ भूमि खनिजों, उर्वरकों एवं सुरंग निर्माणन मशीनों की आपूर्ति के संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान की है। वांग यी ने अपने समकक्ष एस. जयशंकर को इस संबंध में आधिकारिक रूप में आश्वस्त किया है। ऐसे खनिज उच्च-स्तरीय तकनीक से संबद्ध उत्पादों जैसे कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन व बैटरी स्टोरेज हेतु अति महत्वपूर्ण हैं। चीन ऐसे खनिजों की 70 प्रतिशत वैश्विक आपूर्ति करता है। भारत के लिए यह खनिज सामरिक, डिजिटल एवं यांत्रिक नवोन्नति के लिए अत्यावश्यक हैं। भारत 2023 से चीन से उर्वरकों का अधि मात्रा में आयात कर रहा था, किंतु 2024 में चीन ने विश्व के अनेक देशों को इनकी आपूर्ति रोक दी। अपने भारत प्रवास की समयावधि में वांग यी ने प्रधानमंत्री से भी भेंटवार्ता की। प्रत्यक्ष रूप में तो यह भारत और चीन के संबंधों के लिए एक अनुकूल समय प्रतीत हो रहा है, परंतु आगे व्यावहारिकता के स्तर पर क्या-क्या घटित होगा यह तो



भविष्य में ही पता चलेगा। आधुनिक युग में विभिन्न देशों के मध्य कूटनीतिक संबंध स्थायी एवं दीर्घकालिक आधार पर संतुलित नहीं रह सकते। ऐसा मानने का सिद्ध कारण भारत और अमेरिका के मध्य गत फरवरी से असहज होते पारस्परिक संबंध हैं।

रिपब्लिकन राजनीतिक दल के जिस राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीति की विचारधारा के स्तर पर भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के समान ही माना गया था तथा अपने प्रथम कार्यकाल में उन्होंने ऐसी समानता को भारत के साथ सुदृढ़ पारस्परिक संबंधों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपन्न उत्तरदायित्व से पूर्ण अपने निर्णयों-कार्यों से सिद्ध भी किया था, अपने द्वितीय कार्यकाल में वे विश्व व विशेषकर भारत के लिए इतने जटिल सिद्ध हो जायेंगे, इसकी उसके समर्थकों ने कल्पना भी नहीं की थी। विगत एक दशक में दक्षिण एशिया क्षेत्र एवं दक्षिणी समुद्र में चीन के अवैध व अतिक्रामक प्रभाव को नियंत्रित करने के ध्येय के साथ अमेरिका ने द्विपक्षीय रूप में भारत के संग तथा बहुपक्षीय रूप में भारत, आस्ट्रेलिया एवं जापान की सहभागिता से साकार क्वॉड में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया था। तब प्रतीत हुआ था कि दक्षिण एशिया में विद्यमान दुनिया के द्वितीय शक्तिशाली देश चीन के चहुंदिश अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु क्वॉड समूह भविष्य में उपयोगी सिद्ध होगा तथा इसमें भारत की कार्यकारी भूमिका अग्रणी होगी। सन् 2019 से लेकर 2022 तक कोरोना की उत्पत्ति के लिए अमेरिकी नेतृत्व में चीन पर ही प्रामाणिक दोषारोपण किया गया था। तत्समय कोरोना उत्सर्जन एवं प्रसारण के दोषी के रूप में चीन पूरे विश्व में अति संदिग्ध देश बन गया था।


जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड से होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक परिव्याप्त हिमालयी भूक्षेत्र की अनेक सीमाओं पर भारत के साथ भूमि विवाद के कारण भी चीन अतिक्रमणकारी देश बना हुआ था। दक्षिण एशिया के अपेक्षाकृत न्यून क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वाले देशों की सीमावर्ती भूमि पर व समुद्र में भी चीन की अनुचित गतिविधियां निरंतर होती रही थीं। चीन की ऐसी गतिविधियों के क्रम में भारत के साथ गलवान घाटी की सीमा पर हुई दोनों देशों के सेनाकर्मियों की झड़प के बाद तो गत चार वर्ष से चीन के साथ भारत के संबंध हर क्षेत्र में अत्यंत सीमित हो गये थे। गलवान संघर्ष के प्रतिरोध में भारतीय शासन और लोग दोनों सक्रिय हुए।

शासन ने चीन के साथ सामान्य व्यापार अवरुद्ध कर दिया तो लोगों ने चीन द्वारा निर्मित उत्पादों का बहिष्कार आरंभ कर दिया। विगत चार वर्षों से चीन के साथ भारत के संबंध कठोरता की सीमा तक विकृत हो गये थे। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर भारत के प्रहार की समयावधि में चीन ने तुर्की के साथ मिलकर पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी। इस कारण भी भारत व चीन के संबंधों में अलगाव बढ़ गया था। किंतु अब वातावरण परिवर्तित हुआ है। अमेरिका के साथ अस्वस्थ चल रहे भारत के संबंध और इस स्थिति में दृष्टिगोचर भारत की राजनयिक तटस्थता, अडिगता एवं निर्भयता को भांपकर चीन ने भारत के साथ ठहरे, निष्क्रिय व उलझे हुए अपने संबंधों को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। अब आगे यही आशा की जाये कि विविध क्षेत्रों में भारत और चीन के पारस्परिक संबंध विश्वास एवं निष्ठा के आधार पर दीर्घकाल तक सशक्त बने रहें। दोनों देशों और देशों के लोगों के सुख, शांति व संतुष्टि के लिए न केवल भारत व चीन, अपितु दुनिया के सभी देशों के मध्य स्वस्थ एवं संतुलित संबंध ही स्थापित रहने चाहिए। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ-साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
अखिलेश आर्येन्दु




# न्याय सबको, समय पर और बिना भेदभाव मिलना चुनौती

दुनिया में नर संहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से स्थापना को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा, जो 1 जुलाई 2002 को लागू हुआ। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। नरसंहार मानवीय मूल्य के हनन, मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका अत्यंत्र महत्वपूर्ण हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ किये जा रहे अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। विश्व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में एक वैश्विक प्रयास के रूप में देखा और समझा जाता है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। तब से लगातार 17 जुलाई को हर साल इसे मनाया जा रहा है। दुनिया में न्याय के समर्थकों को एकजुट करना और पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने के पीछे की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रों, संगठनों और व्यक्तियों से एक से ज्यादा न्यायपूर्ण और समतापूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करने और दुनिया में शांति, सुरक्षा और सर्वहित के खतरा बनें अपराधियों के खिलाफ मानवतावादियों की एकजुटता का यह पहल कई नजरिए से खास कही जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक़, नर संहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिश्रप्त हैं। विश्व समाज आज जिस डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है, वह कई दुश्वारियां को झेलने के लिए भी मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर किसी भेदभाव, देरी और निष्पक्ष सभी को न्याय मिले। मौजूदा दौर में दुनिया के ज्यादातर देशों में सामाजिक, आर्थिक और कानूनी न्याय समय और बगैर किसी भेदभाव के मिलना दूभर हो गया है। जातिगत, वर्गगत और क्षेत्रगत जैसे भेदभाव को मिटाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में जिन गैर इंसानी कवायदों से सामाजिक जिंदगी में तनाव और दुश्वारियां बढ़ी हैं उनमें अन्याय प्रमुख है। न्यायालयों से मिलने वाला न्याय ज्यादातर इतनी देर से मिलता है कि वह अन्याय से ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इसलिए वक्त और अधिकार की सीमा में न्याय सबको मिले, यह सुनिश्चित किया जा सकता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले हों या भेदभावों की वजह से जुल्मोसितम सह रहा व्यक्ति हो, पुलिस के जुल्म का मामला हो या परिवार में हिंसा का मामला हो, न्याय सहज रूप से प्रताड़ित को बगैर किसी देरी के मिले, यह भी न्याय दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमें लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से ही रुख्सत हो चुके होते हैं। न्याय दिवस अन्य दिवसों की तरह आए और चला जाए, ऐसा इस दिवस के साथ नहीं होना चाहिए, बल्कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस बात पर गौर करना चाहिए की सभी देशों में न्याय बगैर किसी भेदभाव और समय के अंदर मिले। इससे इस दिवस की प्रासंगिकता और महत्व बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग के सभी सूत्र सुदृढ़ मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जायगा। राजा ने एक पंडित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरम्भ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहाः पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आयें, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिये मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बाँध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहाः तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### छोटे डंक, घातक बीमारियां

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं। इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है।

*– राकेश दुबे, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### राधाकृष्णन का स्वागत



उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करते समय थिरु सी.पी. राधाकृष्णन के साथ मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांग्रेस को मिर्ची लगी



जेल से सरकार चलाने वाले नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने के लिए सदन में विधेयक रखा। इसके अंतर्गत 30 दिन से ज्यादा जेल में रहते हैं तो उनका पद चला जाएगा। यह विधेयक सदन में आते ही जाने क्यों कांग्रेस को मिर्ची लग गई।

**- डॉ. मेधा कुलकर्णी, सांसद राज्यसभा**

### राष्ट्र सेविका समिति



आज मेरे आवास पर 'राष्ट्र सेविका समिति' महिला शाखा का आयोजन हुआ। हम सब मिलकर सनातन मूल्यों, हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को और प्रखर बनाएंगे। महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

**- कंगना रनौत, सांसद, भाजपा**

### शपथपत्रों का जवाब



उप्र में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीक़े से देना नहीं चाहती है। ज़िलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# आस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया होगा बैन



आगामी चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में लागू होने जा रहे एक कानून के तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), रेडिट और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंच का उपयोग करने पर प्रतिबंध लग जाएगा। संघीय सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक इन नाबालिग उपयोगकर्ताओं के सोशल मीडिया खातों को हटाने और आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन्हें नए खाते बनाने से रोकने के लिए "उचित कदम" उठाने होंगे। इस कानून के तहत माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों तक पहुंच नहीं दी जा सकेगी। विवाद जारी, लेकिन प्रतिबंध तय इस फैसले को लेकर संभावित लाभ और नुकसान को लेकर देशभर में तीखी बहस हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवा स्वयं को व्यक्त करते हैं, अपनी पहचान बनाते हैं और सामाजिक जुड़ाव महसूस करते हैं। एक ऐसे समाज में, जहां हर पांच में से दो बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं, यह जुड़ाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, सोशल मीडिया की लत और इसका आनंद उठा पाने से वंचित रह जाने का अंदेशा बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों पर अत्यधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करता है।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल

# 18,000 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ और शिलान्यास

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान वे दोनों राज्यों में मिलाकर 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गया पहुंचेंगे, जहां वे 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे

### एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे



इसके अलावा प्रधानमंत्री 7.2 किमी लंबे 6-लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत लगभग 1,200 करोड़ रुपए है। यह प्रोजेक्ट हावड़ा, ग्रामीण इलाकों और कोलकाता को बेहतर कनेक्टिविटी देगा, जिससे व्यापार, पर्यटन और यातायात में बड़ा सुधार होगा।

### जनसभा को करेंगे संबोधित

इस दौरान वे दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31, गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल है। यह पुल पुराने राजेंद्र सेतु के समानांतर बना है और इसकी कुल लंबाई 8.15 किमी है। लगभग 1,870 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और भारी वाहनों को अब 100 किमी का अतिरिक्त चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

### कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

प्रधानमंत्री मुंगेर में 520 करोड़ रुपएकी लागत से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद सहित अन्य शहरों में जल आपूर्ति और सीवरेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली-कोडरमा बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण

### कोलकाता में नए मेट्रो नेटवर्क का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री शुक्रवार को ही शाम करीब 4:15 बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वे करीब 5,200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे कोलकाता में 13.61 किमी लंबे नए मेट्रो नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे, जिसमें नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर, सियालदह-एस्प्लेनेड और बेलीघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय रूट शामिल हैं। इससे समय में भारी कमी आएगी, सियालदह से एस्प्लेनेड तक का सफर मात्र 11 मिनट में पूरा होगा।

### हाईवे का करेंगे उद्घाटन अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का करेंगे लोकार्पित

बिहार में प्रधानमंत्री लगभग 1,900 करोड़ रुपए की लागत से बने बख्तियारपुर से मोकामा के बीच चार लेन वाले हाईवे का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा हाइवे -120 के ग्रामीण सेक्शन को भी अपग्रेड किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में 6,880 करोड़ रुपए की लागत से बने 660 मेगावाट के बक्सर थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन होगा, जिससे बिहार की बिजली आपूर्ति और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री यहां होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मुजफ्फरपुर का भी उद्घाटन करेंगे, जिसमें ओपीडी, ओटी और ब्लड बैंक और 24 आईसीयू व एचडीयू, ब्लड बैंक और आधुनिक लैब की सुविधाएं भी शामिल होंगी। इससे कैंसर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत कम होगी।

## खबर संक्षेप

### जमीन और नौकरी के बीच कोई संबंध नहीं



**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। यह मामला आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत कई आरोपियों से जुड़ा है। राबड़ी देवी की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जमीन और नौकरी के बीच कोई सीधा कनेक्शन नहीं है।

### फेसबुक से 3 अफसरों को किया सस्पेंड



**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में सड़क रखरखाव की लापरवाही ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। हैरानी की बात यह रही कि लोक निर्माण विभाग मंत्री पीए.मुहम्मद रियास ने किसी नोटिस या आधिकारिक लेटर की बजाय फेसबुक पोस्ट के जरिए ही तीन अधिकारियों को सस्पेंड करने का ऐलान कर दिया।

### करंट से एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत

**जलगांव।** उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले में जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा के लिए एक ग्रामीण के खेत के चारों ओर लगाए गए बिजली के तार के संपर्क में आने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। डेढ़ साल की एक बच्ची इस घटना में सुरक्षित बच गयी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो जंगली सूअर भी मृत पाए गए। यह घटना मंगलवार देर रात एरंडोल के वारखेडी गांव में हुई। और बुधवार सुबह इसका पता चला।

### हंगामे के बीच उत्तराखंड में 9 विधेयक पास



**देहरादून।** उत्तराखंड में विपक्ष के भारी हंगामे के बीच सभी नौ विधेयक सदन में पारित हो गए है। सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है।उत्तराखंड अल्पसंख्यक विधेयक भी सदन में पारित हुआ। सभी अल्पसंख्यक समुदायों के लिए एक प्राधिकरण गठित होगा।

## लोकसभा में ऑनलाइन मनी गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित

# ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हुए और बर्बाद हो गए: अश्विनी

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसका उद्देश्य इन गेम्स की लत, धन शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम , जो समाज में चिंता का कारण है। ऐसे लोग हैं, ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हो गए हैं। वे अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं। एल्गोरिदम कभी-कभी ऐसे होते हैं कि यह जानना मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं। एल्गोरिदम अपारदर्शी हैं। मंत्री ने कहा, कई परिवार तबाह हो गए हैं, कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है।

सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है।

यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ (सट्टा और जुआ) गतिविधियों को गैरकानूनी घोषित करता है। ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ (जैसे पोकर, रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। विधेयक को ध्वनिमत से पारित किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे। वैष्णव ने आगे कहा, ऑनलाइन गेमिंग के तीन खंड हैं। पहला ई-स्पोर्ट्स है जिसमें रणनीतिक सोच, टीम निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है... दूसरा खंड ऑनलाइन सोशल गेम्स है , चाहे वह सॉलिटेयर हो, शतरंज हो, सुडोकू हो। ये शिक्षाप्रद और मनोरंजक हैं। इन्हें व्यापक रूप से खेला जाता है। एक तीसरा वर्ग है, ऑनलाइन मनी गेम , जो समाज में चिंता का कारण है। ऐसे लोग हैं, ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हो गए हैं। वे अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं। एल्गोरिदम कभी-कभी ऐसे होते हैं कि यह जानना मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं। एल्गोरिदम अपारदर्शी हैं। मंत्री ने कहा, कई परिवार तबाह हो गए हैं, कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है।

### आपराधिक किस्म के राजनेताओं को 30 दिन की जेल के बाद पद छोड़ने पर बाध्य करने वाला बिल स्वागतयोग्य कदमः बृजमोहन

**नई दिल्ली(ब्यूरो) ।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आपराधिक किस्म के राजनेताओं को 30 दिन की जेल के बाद पद छोड़ने को बाध्य करने वाले बिल संख्या 111, 130 वां संशोधन को केंद्र की मोदी सरकार का राजनैतिक शुचिता की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा, बिल के लोकसभा में बुधवार को पेश किए जाने के बाद देश का समूचा विपक्ष बुरी तरह भयभीत है और इसका पुरजोर विरोध करने के लिए एकजुट हो गया है। बिल को जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव रखा गया है। जिसके बाद सभी राजनेताओं को इसका समर्थन करते हुए राजनीति के अपराधीकरण पर लगाम लगाने के लिए सभी तरह का सहयोग करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 130वां संविधान संशोधन विधेयक समेत तीन अहम बिल पेश किए। इस दौरान संसद में जमकर हंगामा हुआ। जैसे ही अमित शाह ने बिल पेश किया तो लोकसभा में बवाल हो गया। इस विधेयक में गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिन तक जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। जैसे ही ये बिल लोकसभा में आया विपक्ष ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद अमित शाह ने तीनों पेश किए गए विधेयकों को जेपीसी यानी संयुक्त संसदीय समिति भेजने का प्रस्ताव रखा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत ने पहले से ही इस दिशा में ताकीद देते हुए आपराधिक तत्वों के राजनेताओं को तत्काल पद छोड़ने के लिए जोर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राजनेताओं को साफ सुथरा और जनता के लिए पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के लिए इस तरह के संशोधन पर काफ़ी पहले अपनी सहमति व्यक्त कर चुका है।

### ऑनलाइन गेमिंग बिल युवाओं और परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला ऐतिहासिक कदम

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पेश प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल, 2025 को सदन की मंजूरी मिल गई है। इस अवसर पर रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बिल का स्वागत करते हुए इसे देश के लिए एक गेम चेंजर कानून बताया। उन्होंने कहा कि यह बिल देश के युवाओं, उनके परिवारों और समाज के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करेगा। आज ऑनलाइन गेमिंग की लत ने हजारों परिवारों को बर्बादी की कगार पर पहुँचा दिया है। कई युवा इस जाल में फंसकर आत्महत्या तक कर रहे हैं। ऐसे में यह बिल समय की मांग था।इस कानून के माध्यम से एक प्राधिकरण का गठन कर ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। अवैध और हानिकारक गेम्स पर रोक लगेगी तथा बच्चों और युवाओं को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। सांसद अग्रवाल ने यह भी कहा कि इस बिल के अंतर्गत पढ़ाई और खेलों से संबंधित सकारात्मक व शैक्षणिक गेमिंग ऐप्स को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगे और वे डिजिटल युग में भी स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित रह सकें।

## बैठक में केंद्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रहे मौजूद

# यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गठित की जाएगी संयुक्त कमेटी : नायब

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मां गंगा की तर्ज पर यमुना नदी को भी स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए सीडब्ल्यूसी, हरियाणा सरकार और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह समिति यमुना नदी की सफाई के साथ-साथ इससे संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में 'इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन रिलेटेड टू यमुना वाटर रेजुविनेशन' को लेकर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे।

सैनी ने कहा कि श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनने के बाद से योजनाओं को तीव्र गति से तैयार किया जा रहा है और उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्वच्छता के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। नदी में गिरने वाले गंदे पानी के नालों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से स्वच्छ कर नदी में प्रवाहित करने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना नदी की सफाई के अभियान के तहत अब तक 16 हजार मीट्रिक टन कचरा निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार निर्धारित लक्ष्य के तहत यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यमुना की स्वच्छता दोनों सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शीघ्र ही जनता यमुना नदी का स्वच्छ रूप देख सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल जिले के पल्ला गांव से यमुना नदी में गिरने वाली ड्रेन का बीओडी स्तर 80 है। इस पानी को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के ओखला में यमुना नदी के पानी के बीओडी स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसकी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए 44 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 620 एमएलडी पानी शुद्ध किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 510 एमएलडी पानी को स्वच्छ बनाने के लिए 9 और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण और पानी को लेकर किसी भी तरह की राज्यों की कोई सीमाएं नहीं होती। इसके लिए दोनों राज्यों को मिलकर कार्य करना होगा। सुनिश्चित किया जा रहा है प्रदूषित पानी सीधे रूप से यमुना नदी में न डाला जाए। अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। नजफगढ़ झील व ड्रेन की भी मॉनिटरिंग करने के लिए दिल्ली व हरियाणा के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी तथा हरियाणा के उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी के बीओडी लेवल की भी जांच की जाएगी।

## रतन टाटा इनोवेशन हब का शुभारंभ

# 'रोबोडॉग' ने अनोखे अंदाज में किया स्वागत नायडू का स्वागत



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी कार्यक्रम में रहे मौजूद

**एजेंसी ▶▶ अमरावती**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब्स का उद्घाटन किया। उनके स्वागत में लगाए गए एक रोबोडॉग का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम के आते ही रोबोडॉग अपने दो पैरों पर खड़ा हो गया और दो पैरों को जोड़कर सीएम को नमस्कार किया। इस रोबोडॉग को एक ऑपरेटर द्वारा कंट्रोलर डिवाइस से कंट्रोल किया जा रहा था।

## मुस्लिम लड़की की शादी का मुद्दा

# ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं, याचिका खारिज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपील को खारिज दिया। जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्च के उस फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की वैध कर सकती है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में आयोग का कोई अधिकार नहीं बनता।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि एनसीपीसीआर इस तरह के आदेश से कैसे असंतुष्ट हो सकता है। यदि हाई कोर्ट अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए दो व्यक्तियों को संरक्षण प्रदान करना चाहता है, तो एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। इस याचिका का खारिज किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल विस्तारः 3 मंत्रियों ने ली शपथ

मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई

# सीएम साय ने बधाई दी और सुशासन के नए आयाम गढ़ने की अपेक्षा की

**एजेंसी ▶▶ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल का विस्तार किया। प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में तीन विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली.राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने भाजपा के 3 विधायकों राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव को मंत्री पद की शपथ दिलाई। अब साय के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सीएम साय ने शपथ ग्रहण करने वाले कैबिनेट सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। ये राज्य को विकास और सुशासन की दिशा में नए आयाम प्रदान करेंगे।



### किसे मिला कौन सा विभाग?

- गजेंद्र यादव- स्कूल शिक्षा, ग्राम उद्योग, विधि एवं विधायी कार्य
- खुशवंत साहेब- कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास
- राजेश अग्रवाल -पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं घर्मस्व

### डिप्टी सीएम को खेल युवा कल्याण की भी जिम्मेदारी

डिप्टी सीएम अरुण साव को अपने विभाग के साथ खेल युवा कल्याण विभाग भी मिला। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से खेल युवा कल्याण विभाग को हटाकर उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री लखन लाल देवांगन को आबकारी विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

## सरकार ने दो शहरों का नाम बदला

गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

# जलालाबाद अब होगा परशुरामपुरी तो देवीग्राम से जाना जाएगा 'खूनी गांव'

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदल दिया गया है। अब इस जगह को परशुरामपुरी कहा जाएगा। गृह मंत्रालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है और कहा है कि अब जलालाबाद को परशुरामपुरी के नाम से जाना जाएगा। इस पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार।

### उत्तराखंड की सरकार ने बनाया 'देवीग्राम'



पिथौरागढ़ का ही एक गांव है जिसे 'खूनी गांव'कहा जाता है। लेकिन इस खूनी गांव का अब नाम बदल गया है और उत्तराखंड की सरकार ने अब उसका नाम बदलकर 'देवीग्राम' कर दिया है। लंबे समय से इस गांव के लोग अपने गांव का नाम बदलने की मांग कर रहे थे क्योंकि, इस खौफनाक नाम की वजह से इस गांव के बड़े, बच्चे और बूढ़े सभी मानसिक रूप से परेशान कर रखा था। अब लोगों को इस नाम से छुटकारा मिल गया है और गांव का नया नाम भी मिल गया है।

## राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सांसदों से किया

# 'लोकतंत्र बचाने की लड़ाई' और संविधान की रक्षा के लिए चाहिए उपराष्ट्रपति के रूप में रेड्डी जैसे व्यक्तित्व

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्षी गठबंधन के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को घोषणा की कि विपक्षी दलों ने मिलकर पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का साझा उम्मीदवार चुना है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक संवैधानिक पद के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा और संसद की गरिमा को बचाने की निर्णायक लड़ाई है।

### संविधान बनाम संघ की विचारधारा

खरगे ने कहा कि यह चुनाव विचारधाराओं का मुकाबला है। सत्ता पक्ष ने संघ की विचारधारा को चुना है, जबकि विपक्ष संविधान और उसकी मूल भावना को अपना मार्गदर्शक मानता है।

**न्याय, समानता और समावेशिता के प्रतीक**

संयुक्त विपक्ष के साझे उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी को खरगे ने भारतीय न्यायशास्त्र का ऐसा चेहरा बताया जिन्होंने हमेशा न्याय, समानता और समावेशिता के मूल्यों को मजबूत किया। उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसलों से लोकतंत्र की जड़ों को सींचा है।

**संसद की गिरती परंपराओं पर हमला**

खरगे ने कहा कि पिछले 11 सालों में संसद की गरिमा लगातार गिर रही है। विपक्षी सांसदों को बोलने का मौका नहीं दिया जाता। उन्हें बिना वजह निलंबित किया जाता है। अहम विधेयक बिना बहस और विपक्ष की भागीदारी के पारित किए जाते हैं। मोदी सरकार ने संसद को अपनी विचारधारा थोपने का औजार बना दिया है। ऐसी व्यवस्था को ठीक करना होगा।

**एजेंसियों का दुरुपयोगः** खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ईडी, आईटी और सीबीआई का इस्तेमाल विपक्ष को डराने-धमकाने का साधन बना दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि संसद में लाए गए नए विधेयक राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का हथियार साबित होंगे।

**राज्यसभा की गरिमा बचानी होगी**

खरगे ने कहा कि राज्यसभा में सभापति की भूमिका बेहद अहम है। "बी. सुदर्शन रेड्डी जैसे निष्पक्ष और गरिमामयी व्यक्तित्व की जरूरत है ताकि सदन एक सच्चे लोकतांत्रिक विमर्श का मंच बन सके। उन्होंने डॉ. एस. राधाकृष्णन के समय की परंपराओं का हवाला देते हुए कहा कि "तब विपक्ष को पूरा सम्मान मिलता था, लेकिन आज सारी परंपराएं टूट चुकी हैं।

**सभी सांसदों से अपील**

खरगे ने सभी सांसदों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र, संविधान और संसद की सर्वोच्च परंपराओं को पुनः स्थापित करने के लिए आप सभी बी. सुदर्शन रेड्डी जी का समर्थन करें और उन्हें उपराष्ट्रपति निर्वाचित करें।

**खबर संक्षेप**

### एयरटेल ने बंद किया अपना सस्ता '249 रुपए' वाला रीचार्ज प्लान

**नई दिल्ली।** एयरटेल ने अपना सस्ता ट्रूली अनलिमिडेट प्लान बंद करने का फैसला किया है। यह प्लान बुधवार रात 12 बजे से कंपनी की वेबसाइट से भी हटा दिया जाएगा। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो से इस प्लान को रिमूव करने का फैसला ले लिया है। कंपनी इस प्लान में 50 रुपए की वृद्धि कर इसे 299 रुपए करने जा रही। जियो ने भी अपने 249 रुपए वाले प्लान को डिस्कंटिन्यू कर दिया है। यह प्लान 28 दिन की वैलिडिटी के साथ आता था।

### जेयूआईटी के विद्यार्थी सूर्य ड्रोनाथॉन 2025 के द्वितीय चरण के लिए चयनित

**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट की एक टीम ने भारतीय सेना तथा ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वाराआयोजित प्रतिष्ठित सूर्य ड्रोनाथॉन 2025 के प्रथम चरण को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है और अब उनका चयन द्वितीय चरण के लिए हुआ है, जो 18 से 24 अगस्त 2025 तक सुमडो गाँव, स्पीति, हिमाचल प्रदेश में आयोजित।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरुजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सपनों का घर होगा अब महंगा, नई होम लोन दरों में सरकारी बैंकों ने किया इजाफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों के लिए सस्ता होम लोन अभी भी एक सपना बना हुआ है। यह तब है जब रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल तीन बार ब्याज दरों में कटौती कर चुका है। आरबीआई ने कुल 100 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) की कटौती की है। इस कटौती के बाद माना जा रहा था कि लोगों को होम लोन समेत दूसरे लोन सस्ती दर पर मिलेंगे।

- आरबीआई तीन बार ब्याज दरों में कटौती कर चुका

लेकिन यहां गाड़ी उल्टी चलती दिखाई दे रही है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) समेत कई बैंक होम लोन की दर को कम करने के बजाय बढ़ा चुके हैं। ऐसे में सस्ते होम लोन पर अपने घर का सपना देख रहे लोगों को धक्का लगा है।

## स्टेट बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बढ़ाई दरें

### एसबीआई ने 7.5 से 8.70 फीसदी के बीच की

देश के दो बड़े सरकारी बैंक एसबीआई और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने होम लोन की ब्याज दरों में इजाफा किया है। एसबीआई ने हाल ही में नए ग्राहकों के लिए होम लोन की ब्याज दरों को 25 बेसिस पॉइंट्स बढ़ा दिया है। पहले एसबीआई के होम लोन की ब्याज दरें 7.50 फीसदी से 8.45 फीसदी के बीच थीं। अब ये दरें 7.50 फीसदी से 8.70 फीसदी के बीच होंगी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भी अपनी ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नई होम लोन दर 7.35 फीसदी से बढ़ाकर 7.45 फीसदी हो गई है।

*बदलाव सिर्फ नए ग्राहकों के लिए : एसबीआई ने सिबिल स्कोर और एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) के हिसाब से दरों में बदलाव किया है। ईबीएलआर वह दर है जिस पर बैंक लोन देते हैं।*



### एचडीएफसी ने कहा- सस्ती दर पर लोन अच्छा नहीं

प्राइवेट बैंकों ने सरकारी बैंकों की कम ब्याज दरों पर लोन देने की नीति की आलोचना की है। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि इस साल की पहली तिमाही में उसके होम लोन पोर्टफोलियो में लगभग 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन यह बढ़ोतरी पिछली तिमाही जितनी नहीं थी। बैंक के अधिकारियों ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दूसरे बैंक कम ब्याज दरों पर लोन दे रहे थे।

*दूसरे बैंक भी बढ़ा सकते हैं लोन*
*एसबीआई और यूनियन बैंक के बाद दूसरे सरकारी बैंक भी होम लोन की दरों में वृद्धि कर सकते हैं। बात अगर प्राइवेट बैंकों की करें तो अभी किसी भी प्राइवेट बैंक ने होम लोन की ब्याज दर नहीं बढ़ाई है। प्राइवेट बैंक जैसे एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक अभी 7.90%, 8% और 8.35% की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन दे रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकारी बैंकों के इस कदम को देखते हुए प्राइवेट बैंक भी होम लोन की ब्याज दर बढ़ा सकते हैं।*

### होम लोन में आई तेजी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, जून 2025 में खत्म हुए साल में होम लोन में 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह पिछले साल की 36.3% की बढ़ोतरी से बहुत कम है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब रेपो रेट गिर रही है और बैंकों पर नेट इंटरेस्ट मार्जिन का दबाव है। नेट इंटरेस्ट मार्जिन का मतलब है कि बैंक ब्याज से कितना पैसा कमाते हैं। कई सरकारी बैंकों ने कम ब्याज दरों पर होम लोन दिए थे। ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि उनके पास बहुत सारे ग्राहक हैं। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी थी कि कम मुनाफे वाले लोन बांटने से बैंकों को फायदा नहीं होगा।

## जीओएम के संयोजन सम्राट चौधरी ने कहा, छूट देने का प्रस्ताव रखा

# केंद्र व्यक्तिगत बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट देने के पक्ष में, मंत्री समूह भी सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


बिहार के उपमुख्यमंत्री और बीमा पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) के संयोजक सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट देने का प्रस्ताव रखा है। फिलहाल जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम भुगतान पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है।

बीमा पर गठित मंत्री समूह की यहां आयोजित बैठक में लगभग सभी राज्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। हालांकि, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्यों ने यह सुनिश्चित करने की मांग रखी है कि कर कटौती का लाभ बीमा कंपनियों को नहीं बल्कि सीधे पॉलिसीधारकों को मिले।

- फिलहाल प्रीमियम भुगतान पर 18 फीसदी का जीएसटी लगता है
- बीमा पर गठित मंत्री समूह के बैठक में प्रस्ताव पर समर्थन
- कटौती का लाभ कंपनियों को नहीं पॉलिसीधारक को मिले

### कटौती का लाभ लोगों तक पहुंचे

चौधरी ने कहा, "राज्य चाहते थे कि कर की दर या तो घटाई जाए या फिर इसमें छूट दी जाए। साथ ही कई राज्यों ने कहा कि कोई ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ताकि दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंच सके। जीएसटी परिषद इसकी एक व्यवस्था तय करेगी।" विक्रमार्क ने कहा कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी पर जीएसटी छूट दिए जाने से सालाना करीब 9,700 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति होने का अनुमान है।



### अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का हिस्सा

*बीमा पर जीएसटी छूट देने का प्रस्ताव केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का हिस्सा है। इस प्रस्ताव में उत्पादों के गुण एवं मानक के आधार पर पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सिर्फ दो दरों से ही माल एवं सेवा कर लगाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर सुझाव देने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन सितंबर में किया गया था।*

### सभी राज्य दरों को कम करने राजी

*चौधरी ने कहा कि मंत्री समूह अब अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपेगा जिसमें राज्यों की राय और चिंताएं शामिल होंगी। चौधरी ने कहा, "केंद्र का प्रस्ताव स्पष्ट है कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी पर जीएसटी से छूट दी जाए। सभी राज्यों ने दरों को कम करने पर अपनी रजामंदी दी है। हालांकि, कुछ राज्यों ने इस पर अपने विचार रखे हैं। इस बारे में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद लेगी।"*

### अक्टूबर के अंत तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

इस समूह में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं। इसे अक्टूबर के अंत तक जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। केंद्र और राज्यों ने वित्त वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ रुपये एकत्र किए, जबकि स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से 1,484.36 करोड़ रुपये राजस्व जुटाए थे।

### राज्यों के साथ आम सहमति बनाने के प्रयास करेगा केंद्र : सीतारमण



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हैं और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में इस पर राज्यों के साथ आम सहमति बनाने का प्रयास करेगी। सीतारमण ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर गठित राज्यों के मंत्रियों के समूहों (जीओएम) के साथ मुलाकात में कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाने और जीवन को आसान बनाने के तीन स्तंभों पर आधारित है।

### शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 213 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 213 अंक के लाभ में रहा, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के पार पहुंच गया। मुख्य रूप से आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 213.45 अंक यानी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 81,857.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 341.23 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 69.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 25,050.55 अंक पर बंद हुआ।

Case Reg. No CS(COMM) No. 614/2024
प्रतिवादी की हाजिरी अपेक्षित करने के लिए उद्घोषणा
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(शिबिल प्रक्रिया संहिता के आदेश 5 का नियम 20)
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH SANJAY SHARMA II DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT 03) AT ROOM NO 303 SHAHDARA DISTT KARKARDOOMA COURT, DELHI
M/S ROOP TRADERS ....Plaintiff
Against
M/s SHREE RAM SALES ... Defendant
To
M/s SHREE RAM SALES THROUGH ITS PROPRIETOR SH AVNEESH KUMAR AT IX/2203, FIRST FLOOR, GALI NO 9 KAILASH NAGAR, GANDHI NAGAR DELHI-110031
ALSO AT: F-7, GALI NO 3 NEAR J.P COMMUNICATIONS WEST KARAWAL NAGAR, DELHI-110094
ALSO AT E-341, GALI NO 15 ASHOK NAGAR, NEW DELHI-110018 MOB. 9599621171
आप जानबूझकर समन की तामील से बच रहे हैं यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप तारीख को जो अंतिम निपटारे के लिए नियत की गई तारीख है, उक्त मामले में अपनी प्रतिरक्षा नहीं करेंगे तो उसकी सुनवाई और अवधारणा एकपक्षीय रूप में किया जाएगा।
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 26.08.2025 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
You are hereby summoned to file a written statement within 30 days of the service of the present summons and in case you fail to file the written statement within the said period of 30 days, you shall be allowed to file the written statement on such other day, as may be specified by the Court, for reasons to be recorded in writing and on payment of such costs as the Court deems fit, but which shall be not be later than 120 days from the date of service of summons On expiry of one hundred and twenty days from the date of service of summons, you shall forfeit the right to file the written statement and the Court shall not allow the written statement to be taken on record
यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई है।
Given under my hand and the seal of the court, this 19.07.2025
हस्ता/-न्यायाधीश Judge
District Judge (Commercial Court)-03
Shahdara, Karkerdoems Court, Delhi

# सोना 400 और चांदी 1,500 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 350 रुपये टूटकर 99,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को यह 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही।



- सोना टूटकर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी घटकर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही

*डॉलर मजबूत होने से सोना नीचे आया : विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 3,326.04 डॉलर प्रति औंस पर रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विश्लेषक (मूल्यवान धातु शोध) मानव मोदी ने कहा, "डॉलर के मजबूत होने से सोने की कीमतें लगभग तीन हफ्तों के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं, जबकि निवेशक शुक्रवार को जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल के संबोधन का इंतजार कर रहे हैं।"*

### चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने वार्षिक लघु कथा लेखन और कविता प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) ने अपनी 11वीं वार्षिक लघु कथा लेखनप्रतियोगिता और वार्षिक कविता प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं की घोषणा की। इन प्रतियोगिताओं केलिए पूरे भारत से 300 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन साहित्य जगत कीप्रख्यात हस्तियों की निर्णायक मंडली ने किया। सीएलएस की अध्यक्ष डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी रचनात्मकता,मौलिकता और साहित्यिक प्रतिभा की सराहना की। डॉ. मिश्रा ने कहा, इस वर्ष की कविता और लघु कथाप्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अद्भुत प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया है। साहित्य हमारेसमाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । कविता प्रतियोगिता का विषय मेरा देश था, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी में प्रविष्टियाँ आमंत्रित कीगई थीं। अंग्रेजी कविता में, डॉ. रितु कामरा कुमार ने प्रथम पुरस्कार जीता, डॉ. देवीयानी सिंह ने द्वितीयपुरस्कार और हरलीन कौर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि झिलम चट्टराज और सुमित कुमारवर्तिया को विशेष उल्लेख मिला। हिंदी कविता में, राखी मल्होत्रा ने प्रथम पुरस्कार, दीपिका चौधरी नेद्वितीय पुरस्कार और विमला गुग्लानी ने तृतीय पुरस्कार जीता, डॉ. शिल्पी पट्टर दत्त को विशेष उल्लेख मिला।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबरकर छह पैसे की बढ़त के साथ 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि व्यापार शुल्क को लेकर तनाव कम होने और रूस व यूक्रेन के बीच शांति की उम्मीदों ने निवेशकों को उत्साहित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.16 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ लेकिन दिन में नुकसान की भरपाई करते हुए 86.98 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह 87.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की बढ़त है।

## राशिफल

**मेष** – परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** – सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वित्तीय समावेशन सैचुरेशन ड्राइव अभियान का सफल आयोजन



**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली एवं दिल्ली उत्तर द्वारा16 अगस्त 2025 को राष्टव्यापी वित्तीय समावेशन सैचुरेशन ड्राइव कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिंफनी बेंक्वेट उद्योग नगर में अंचल कार्यालय दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक श्री संजय नारायण एवं क्षेत्र प्रमुख श्री हरि औम वत्स (नई दिल्ली) और श्री राज कुमार (दिल्ली उत्तर) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री अजय गुप्ता उप सचिव (डीएफएस), केंद्रीय कार्यालय मुंबई से मुख्य महाप्रबंधक श्री जी.के.सुधाकर राव एवं अंचल कार्यालय नई दिल्ली से महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार जी, श्री मनोज कुमार एलडीएम (दिल्ली उत्तर जॉन)उपस्थित रहे। कैंप में 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया साथ ही कार्यक्रम में जनसुरक्षा योजनाओं, साइबर धोखाधड़ी एवं री - केवाईसी की अनिवार्यता पर अपने विचार सांझा कर बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। इसके अंतर्गत ग्राहकों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , अटल पेंशन योजना एवं निष्क्रिय जन-धन खातों की केवाईसी करवाने आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही खातों में नामांकित बीमा दावा से संबन्धित जानकारी दी गई।

### एनसीएलटी ने वेदांता के प्रस्ताव पर सुनवाई 17 सितंबर तक टाली

**मुंबई।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने बुधवार को वेदांता लि. के एल्युमीनियम, तेल और गैस समेत अन्य व्यवसायों को अलग करने के प्रस्ताव पर सुनवाई 17 सितंबर तक के लिए टाल दी। इसका कारण यह है कि बाजार नियामक सेबी ने अभी तक प्रस्ताव की पूरी जांच नहीं की है, जबकि केंद्र सरकार ने कुछ आपत्तियां उठाई हैं।
इस मामले में पहले आंशिक सुनवाई हुई थी और अगली सुनवाई 20 अगस्त तक के लिए स्थगित की गयी थी।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दो जुलाई को एनसीएलटी की मुंबई पीठ के समक्ष वेदांता के प्रस्तावित विभाजन पर आपत्ति जताई थी। इस बीच, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने न्यायाधिकरण को सूचित किया कि व्यवसायों को अलग करने की प्रस्तावित योजना पर फिलहाल उसकी कोई और टिप्पणी नहीं है और वह वेदांता द्वारा लागू नियामकीय मानदंडों के अनुपालन की पुष्टि कर रहा है।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के लिए सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का बिग फैंटेसीसीज स्पेसशिप दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** बिग फैंटेसीसीज अभियान के अंतर्गत सनफीस्ट अंतरिक्ष दिवस पर दिल्ली के युवा दिमागों के लिए कल्पना और तकनीक के जादू को एक साथ लाने के लिए नेहरू तारामंडल के साथ सहयोग किया दिल्ली, 20 अगस्त 2025: सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का प्रतिष्ठित पटमी स्पेसशिप दक्षिण और पश्चिम भारत के प्रमुख शहरों बैंगलोर, चैत्रई, मुंबई भऔर हैदराबाद आदि से अपनी सफल यात्रा जारी रखते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, 23 अगस्त के उपलक्ष्य में दिल्ली पहुंचा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 सीआरपीसी देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अतुल जैन, पुत्रः कमल प्रकाश,** पताः **VP-66B, पीतमपुरा, दिल्ली** ने case **FIR No. 378/2022 U/s 283 IPC, थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **अतुल जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अतुल जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 378/2022 U/s 283 IPC, थानाः शालीमार बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अतुल जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री गौरव कटारिया
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
उत्तर पश्चिम जिला, रूम नं. 208
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/10611/NW/2025 (Court Matter)

### शब्द पहेली - 5964




**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -5963 का हल**



# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी.गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।

पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर. प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया।

### प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ बांटे अंक



### अरोनियन ने सेवियन के साथ खेला ड्रॉ

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारुआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

### क्लच शतरंज : 2021 के बाद आनंद और कास्पोरोव एक बार फिर होंगे आमने-समाने

**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा।




#### मैच सेंट लुईस में 7 से 11 अक्टूबर तक

सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा,' दो पूर्व विश्व चैंपियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (7 से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे।' इसमें कहा गया,' यह नुमाइशी मैच क्लब की नई सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा।' इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी, जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जाएगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे। इसके बाद 412000 डॉलर ईनामी राशि का क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन 27 से 29 अक्टूबर तक होगा, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा, तीसरे नंबर के फेबियानो कारुआना और गुकेश भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप



### स्पेनिश फुटबॉल लीग : रियाल मैड्रिड ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

### मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक



**शिलांग।** मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरुप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नई दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैंपियनशिप से 41 पदक जीते। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे। इनमें से छह खिलाड़ियों ने दो-दो तथा 29 खिलाड़ियों ने एक-एक पदक जीता।

### इंग्लिश फुटबॉल में सालाह और कैल्डेंटी चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**लंदन।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेंटी को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया।

### 185 रन के लक्ष्य के जवाब में महाराष्ट्र टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट

# बुची बाबू टूर्नामेंट: छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया, शॉ-ऋतुराज फेल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में बुधवार (20 अगस्त) को छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हरा दिया। 185 रन के लक्ष्य के जवाब में कप्तान अंकित बवाने के अर्धशतक के बाद भी महाराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट हो गई। ऋतुराज गायकवाड़ दूसरी पारी में भी फेल रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले पृथ्वी शॉ 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। महाराष्ट्र की दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 1, सिद्धेश वीर 31, अंकित बवाने ने 66 और राजवर्धन हंगरगेकर ने 8 रन बनाए। सिद्धार्थ म्हात्रे ने 9, ऋतुराज गायकवाड़ ने 11 रन बनाए। सौरभ नवले खाता नहीं खोल पाए। सचिन धास ने 14 रन बनाए। रामकृष्ण घोष खाता नहीं खोल पाए और विक्की ओस्टवाल ने 1 रन बनाए। हितेष वलुंज बगैर खाता खोले नाबाद रहे।

### छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए






#### शुभमन अग्रवाल ने लिए 6 विकेट

छत्तीसगढ़ के लिए शुभमन अग्रवाल ने 6 विकेट लिए। शुभमन अग्रवाल ने अंकित बवाने, राजवर्धन हंगरगेकर, सिद्धार्थ म्हात्रे, सौरभ नवले और सचिन धास का विकेट लिया। इसके अलावा वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट लिए। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ और विक्की ओस्टवाल को आउट किया।

#### शशांक तिवारी ने पृथ्वी को किया आउट

शशांक तिवारी और ऋषि शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए थे। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 217 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए। पृथ्वी शॉ का विकेट शशांक और सिद्धेश वीर का विकेट ऋषि शर्मा को मिला।

#### शॉ ने पहली पारी में लगाया था शतक



मुंबई से महाराष्ट्र स्विच करने के बाद पृथ्वी शॉ का यह पहला मैच था। शॉ ने पहली पारी में 141 गेंद पर 111 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ दोनों पारी में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 1 रन बनाए। दूसरी पारी में वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन छाप नहीं छोड़ पाए। गायकवाड़ ने 11 रन बनाए।

### जेवलिन थ्रो

## डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की ब्रसेल्स में हिस्सा नहीं लेंगे चोपड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डायमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

#### पार किया 90 मीटर का जादुई आंकड़ा

नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जून में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे।

#### टोकिया में 13 से 21 सितंबर तक विश्व चैंपियनशिप

नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था, जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था। कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे।

## तमिल अरासु ने पुरुषों की और धनलक्ष्मी ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के धावकों ने बुधवार को राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जिसमें एस तमिल अरासु ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धनलक्ष्मी सेकर ने महिलाओं की इसी स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। अरासु ने 10.22 सेकेंड का समय निकाला जो 2021 में पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह द्वारा बनाए गए 10.27 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। तमिल अरासु का समय अनिमेष कुजूर द्वारा इस साल के शुरु में बनाए गए 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से केवल 0.04 सेकेंड पीछे था। कुजूर ने इस चैंपियनशिप में 100 मीटर में अपना नाम दर्ज नहीं कराया लेकिन 200 मीटर स्पर्धा में भाग लेंगे। तमिल अरासु का सीनियर वर्ग में यह पहला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है।

- तमिल अरासु का सीनियर वर्ग में यह पहला राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है

कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मणिकांत होबलीधर 10.35 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि तमिलनाडु के ही जी रागुल कुमार 10.40 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का खिताब अनुभवी धनलक्ष्मी ने 11.36 सेकेंड का समय निकालकर जीता। 27 वर्षीय धनलक्ष्मी तीन साल के डोपिंग प्रतिबंध के बाद पिछले महीने ही मैदान पर लौटी हैं। तमिलनाडु की अभिनय राजराजन 11.58 सेकेंड के समय से दूसरे स्थान जबकि कर्नाटक की एस एस स्नेहा 11.61 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं। हिमाचल प्रदेश की लंबी दूरी की धाविका सीमा ने भी महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उनका 15:42.64 सेकेंड का समय 2017 में एल सूर्या द्वारा बनाए गए 15:46.92 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। तमिलनाडु के रीगन जी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में 5.20 मीटर से स्वर्ण पदक जीतने के साथ मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। 5.11 मीटर का पिछला मीट रिकॉर्ड 2023 में एस शिवा ने बनाया था।

### सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग में करार

## 128 वर्ष बाद ओलंपिक में वापसी करेगा क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा।

#### अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना

यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।




#### दो देशों को जोड़ने वाला सेतु

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

## अनंत जीत नरुका ने स्वर्ण पदक जीता, सौरभ-सुरूचि को कांस्य

**शिमकेंट (कजाखस्तान) (भाषा)।** भारतीय निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरुका ने बुधवार को यहां पुरुष स्कीट फाइनल में कुवैत के मंसूर अल रशीदी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले दिन में सौरभ चौधरी और सुरूचि इंदर सिंह की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। नरुका फाइनल में एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन अल रशीदी को 57-56 से हराकर पोडियम पर शीर्ष पर रहे। कतर के अल-इशाक अली अहमद ने 43 अंक से कांस्य पदक जीता। सत्ताईस साल के नरुका चैंपियनशिप के 2023 चरण में टीम स्वर्ण और मिश्रित टीम स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने पांच दौर के बाद 119 अंक से दूसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि कुवैत के अब्दुलअजीज अलसाद 120 अंक से फाइनल में सबसे आगे रहे। अल रशीदी 119 अंक से क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे।



एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता नरुका का इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में कुल मिलाकर पांचवां पदक था। इससे पहले सौरभ और सुरूचि ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17 .9 से हराया । इससे पहले मनु भाकर ने मंगलवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरूचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा शीर्ष दो टीम चीन और दक्षिण कोरिया के बीच थी।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी

## हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पंजाब सेमीफाइनल में

**जालंधर (भाषा)।** हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पंजाब ने बुधवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर 15वीं हॉकी इंडिया पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में हॉकी इंडिया ने कड़े मुकाबले में हॉकी कर्नाटक को 3-2 से शिकस्त दी जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। हॉकी ओडिशा ने बेहद एकतरफा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मणिपुर हॉकी को 9-0 से रौंद दिया जबकि दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी पंजाब ने हॉकी झारखंड के खिलाफ 4-1 की आसान जीत दर्ज की।

### बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक टूर्नामेंट

# एशिया कप हॉकी : भारतीय टीम का ऐलान, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया गया, जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा, जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरुष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा, जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं। राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है। स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था।

#### फॉरवर्ड लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह की जगह बरकरार



#### 29 अगस्त को भारत और चीन में पहला मैच

भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है । भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी. पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे। नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा,' हमने अनुभवी टीम चुनी है । विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए।'

#### भारतीय टीम

**गोलकीपर :** सूरज करकेरा, कृशन बी. पाठक

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह

**मिडफील्ड :** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह

**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह

**रिजर्व खिलाड़ी :** नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति।




## भारत-रूस संबंधों की मजबूती, अमेरिका को देगी तनाव

# मॉस्को में जयशंकर ने की प्रमुख रूसी थिंक टैंक से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच भारत और रूस अपने संबंधों को नई स्फूर्ति देने में लगे हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार से रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में मॉस्को गए हैं, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। ऐसे में भारत और रूस मिलकर अमेरिकी टैरिफ का समाधान खोजने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहे हैं। यह अमेरिका के लिए चिंता का सबब हो सकता है।



### मोदी ने पुतिन को दिया भारत आने का निमंत्रण

*पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने कहा था कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन से बहुत ही अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी की प्रतीक्षा है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन की आखिरी भारत यात्रा दिसंबर 2021 में हुई थी, जब उन्होंने नई दिल्ली में 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष रूस के दो अहम दौरे, जुलाई में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन और अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, किए थे।*

### भारत-रूस पुराने मित्र देश

भारत और रूस पारंपरिक सहयोगी और गहरे मित्र रहे हैं। ऐसे में दोनों देश मिलकर अपने संबंधों को अब नई ऊंचाई पर ले जाने के प्रयास में हैं। ऐसे में जयशंकर की प्रमुख रूसी थिंक टैंक से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। भारत और रूस ऊर्जा व सुरक्षा डील के साथ अमेरिकी प्रतिबंध से निपटने का भी रास्ता खोज सकते हैं।



### समकालीन वैश्विक भू-राजनीति पर की चर्चा

अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मॉस्को में रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस दौरान भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई। उन्होंने एक्स पर लिखा कि रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करके खुशी हुई। भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई।

## खबर संक्षेप

### बस में आग,70 से ज्यादा अफगानियों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक भीषण बस दुर्घटना में 79 अफगानियों की मौत हो गई।



अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया हादसा तब हुआ जब बस ईरान से लौट रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। यह दुर्घटना मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे स्थानीय समयानुसार हेरात प्रांत में हुई। बस की टक्कर एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल से हो गई।

### निजता उल्लंघन:3 करोड़ डॉलर हर्जाना देगा गूगल

**न्यूयॉर्क।** गूगल उस मुकदमे का निपटारा करने के लिए तीन करोड़ डॉलर का हर्जाना देगा, जिसमें



दावा किया गया है कि उसने यूट्यूब इस्तेमाल करने वाले बच्चों की निजता का उल्लंघन किया गया है। यह मामला 34 बच्चों के माता-पिता की तरफ से दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि माता-पिता की सहमति के बिना बच्चों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करके उसका उपयोग लक्षित विज्ञापन भेजने के लिए किया गया।

## पाकिस्तान के साथ बने हुए तनाव के बीच बढ़ेगी वायुसेना की मारक क्षमता

# सरकार ने दी वायुसेना के लिए 97 और तेजस विमानों की खरीद को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ बने हुए सीमाई तनाव के बीच भारत की सरकार ने वायुसेना के लिए स्वदेशी 97 और स्वदेशी तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों और 6 एडवांस एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट (अवाक्स) की खरीद को मंजूरी दे दी है। जिसपर कुल करीब 85 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत आएगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि बीते मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है। जिसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विमानों का उत्पादन शुरू किया जाएगा। यहां बता दें कि तेजस विमानों की खरीद के लिए किया गया यह दूसरा बड़ा सौदा है। जिस पर आने वाली अनुमानित लागत 66 हजार 500 करोड़ रुपए है। इसके पूर्व में कुछ साल पहले 83 तेजस विमानों की खरीद के लिए 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक का एक समझौता किया गया था।

### वायुसेना के पास बची हैं 32 स्क्वाड्रन


गौरतलब है कि वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल अधिकृत 42 स्क्वाड्रन होनी चाहिए। जो उसके लिए दो मोर्चों पर दुश्मन (पाकिस्तान, चीन) से दो-दो हाथ करने के लिए पर्याप्त हैं। लेकिन अभी बल के पास करीब 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। वहीं, वायुसेनप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने भी बीते वक्त में एचएएल द्वारा विमानों की बल को की जाने वाली विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई थी। जिसके बाद विमानन क्षेत्र की स्वदेशी कंपनी ने इस संबंध में तेजी लाने की बात कही थी।

# इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू की, 60 हजार रिजर्व फोर्स बुलाए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू कर दी है। इसके चलते उसने रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाने का फैसला किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा।

पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवंबर-दिसंबर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। यह फैसला रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना प्रमुख और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया।



### 7 अक्टूबर तक खाली करनी होगी गाजा सिटी

*इजराइली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में ऑपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड ऑपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ्र ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा। सबसे नागरिकों को गाजा सिटी खाली करने का नोटिस मिलेगा। इसके लिए अंतिम तारीख 7 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इसके बाद सेना शहर को चारों तरफ से घेरकर अंदर बढ़ेगी।*

### अभियान का नाम गिदोनस चेरीअट्स-बी

*गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोनस चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी।*

अमेरिका के व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी यह जानकारी

# ट्रंप ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर फोड़ा 50 फीसदी टैरिफ बमः व्हाइट हाउस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए सर्वाधिक टैरिफ के बीच एक बार फिर से अमेरिका ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीते मंगलवार को हुए एक संवाददाता सम्मेलन में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि रूस पर यूक्रेन संघर्ष को खत्म कराने के लिए दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। यहां बता दें कि शुरुआत में अमेरिका ने भारत पर केवल 25 फीसदी टैरिफ ही लगाया था। लेकिन बाद में रूस से जारी तेल खरीद को लेकर जुर्माने के तौर पर इसे दोगुना करते हुए 25 फीसदी की और बढ़ोतरी की गई। जिसके बाद यह 50 फीसदी तक पहुंच गया। अमेरिका की प्रेस सचिव का यह बयान हाल ही में अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति के बीच अलास्का में हुई पहली शिखर बैठक और व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ ही अन्य बड़े यूरोपीय नेताओं की मेजबानी के ठीक बाद आया है।



### युद्ध को खत्म होते हुए देखने के इच्छुक ट्रंप

कैरोलिन ने यह भी कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म होते हुए देखना चाहते हैं। जिसके लिए उन्होंने सार्वजनिक दबाव डाला है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्रवाई की है। जिसमें भारत पर लगाया गया टैरिफ भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति आगे बढ़कर जल्द शांति बहाली के पक्ष में हैं। नाटो महासचिव और यूरोप के बाकी नेता भी इसे लेकर सहमत हैं कि यह एक पहला महान कदम है। जिसमें दोनों नेता साथ बैठेंगे।

### अमेरिका का रूस से व्यापार जारीः भारत


वहीं, भारत ने अमेरिकी टैरिफ को सरासर गलत बताते हुए अपना रुख साफ कर दिया है। जिसमें उसका कहना है कि देश की जनता की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

भारत की कच्चे तेल की खरीद का निर्णय 1.4 बिलियन आम-जनता की जरूरतों और बाजार की स्थितियों पर आधारित है। ऐसे समय में जब अमेरिका खुद रूस से अपना व्यापार जारी रखे हुए है। तो वह भारत की इसे लेकर आलोचना कैसे कर सकता है?

ग्रीन फ्यूचर की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बना

**अक्षय और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ग्रीन फ्यूचर की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। भारत स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ देश पवन ऊर्जा में विश्व का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के हवाले से बताया कि देश स्थापित अक्षय ऊर्जा के मामले में विश्व में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 1,08,494 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जो जापान के 96,459 गीगावाट घंटा से अधिक है। देश की सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता 38 गीगावाट से बढ़कर 74 गीगावाट हो गई है।

### पांच वर्ष पहले ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया

भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 484.82 गीगावाट में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान अब 50.07 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह सीओपी26 की प्रतिबद्धता है, जिसे भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही प्राप्त कर लिया है। भारत की संचयी सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 119.02 गीगावाट थी। इसमें जमीन पर स्थापित सौर संयंत्र क्षमता 90.99 गीगावाट, ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सिस्टम की क्षमता 19.88 गीगावाट, हाइब्रिड परियोजनाओं से 3.06 गीगावाट और ऑफग्रिड सौर प्रतिष्ठानों से 5.09 गीगावाट की क्षमता शामिल है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109